शाहरुख खान पठान के साथ करीब चार साल बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनके फैंस को इस फिल्म से काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। शाहरुख इससे पहले 2018 में आई फिल्म 'जीरो' में नजर आए थे। इन चार सालों में शाहरुख कई फिल्मों में कैमियो करते नजर आ चुके हैं लेकिन बतौर लीड वो पठान के साथ एक धमाकेदार कमबैक करने जा रहे है। अपनी इस फिल्म के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। फिल्म का बजट भी तकरीबन 250 करोड़ बताया जा रहा है। अब मीडिया में जो खबरे आ रही हैं उसके मुताबिक फिल्म ने रिलीज से पहले ही अच्छी खासी रकम कमा ली है। फिल्म के मीडिया राइट्स तकरीबन 100 करोड़ में बिके हैं, तो इस हिसाब से फिल्म ने आधा बजट पहले ही निकाल लिया है।

रिलीज से पहले विवादों में है फिल्म

फिल्म को रिलीज होने में अभी एक महीने का समय बाकी है लेकिन फिल्म की चर्चा अभी से हो रही है। अपने गाने 'बेशरम रंग' को लेकर फिल्म काफी ज्यादा विवादों में है। दरअसल गाने में दीपिका पादुकोण ने भगवा रंग की बिकिनी पहनी है। ऐसे में कई हिंदू संगठनों ने दीपिका के ड्रेस को लेकर आपत्ति जताई है। विरोध करने वालों का कहना है कि भगवा रंग हिंदू धर्म का प्रतीक है और दीपिका इस रंग के कपड़े पहन कर बेशरम रंग के बोल वाले गाने पर डांस कर रही हैं जो कि काफी आपत्तिजनक है।

# एक्ट्रेस जयसुधा ने सरकार पर कसा तंज : बोलीं-10 फिल्में करने पर कंगना को पद्मश्री मिल गया, हमें वो सम्मान नहीं मिलता



**एक्ट्रेस से** राजनेता बनीं जयसुधा साउथ फिल्म इंडस्ट्री का एक जाना पहचाना नाम है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने बातों-बातों में सरकार पर तंज कसा है। जयसुधा का कहना है कि कंगना रनोट ने 10 फिल्मों में काम किया है बावजूद इसके उन्हें सरकार की तरफ से पद्मश्री दे दिया गया है जबकि साउथ के एक्टर्स को कहीं ज्यादा फिल्मों में काम करने बावजूद वो सम्मान नहीं मिलता।

जयसुधा का कहना है कि सरकार, साउथ के कलाकारों को वो सम्मान नहीं देती जिसके वो हकदार हैं। बता दें कि जयसुधा अमिताभ बच्चन की फिल्म सूर्यवंशम में उनकी पत्नी के रोल में नजर आईं थी।

**साउथ एक्टर्स को नहीं मिलता सम्मान**

जयसुधा हाल ही में साउथ के बड़े स्टार नन्दकुमारी बालकृष्ण के टॉक शो अनस्टॉपेबल में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने साउथ और हिंदी सिनेमा के बीच भेदभाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मैं कंगना रनोट को पद्मश्री दिए जाने का सपोर्ट करती हूं। वो एक शानदार कलाकार हैं, लेकिन ये बात भी माननी पड़ेगी कि उन्होंने ये सम्मान 10 फिल्में करने के बाद ही मिल गया। हमनें काफी सारी फिल्मों में काम किया है लेकिन हमें सरकार से वो सम्मान नहीं मिला।'

जयसुधा ने आगे कहा, 'विजया निर्मला जैसी महिला डायरेक्टर जिसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है उन्हें भी वो सम्मान नहीं मिला। कभी कभी मुझे इस बात का काफी बुरा लगता है कि सरकार साउथ के कलाकारों की सराहना नहीं करती।'

जयसुधा के साथ एक और दिग्गज एक्ट्रेस जयाप्रदा भी टॉक शो में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि जब वो सांसद थीं तो कई बार एनटीआर के लिए सरकार से भारत रत्न देने का अनुरोध किया था और आज के डेट में भी कर रही हैं।

इस बात में कोई शक नहीं है कि इस साल साउथ की फिल्मों ने बॉलीवुड फिल्मों को पानी पिला दिया है। साउथ की फिल्में जैसे केजीएफ चैप्टर 2, आरआरआर, विक्रम और कंतारा ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया है वहीं शमशेरा, सम्राट पृथ्वीराज, लाल सिंह चड्ढा, रामसेतु और रणवीर सिंह की हालिया रिलीज सर्कस सहित कई हिंदी फिल्में बुरी तरह असफल रही हैं। हिंदी ऑडियंस का भी साउथ फिल्मों के प्रति रूझान काफी हद तक बढ़ गया है। हिंदी बेल्ट में साउथ की फिल्में कई बॉलीवुड फिल्मों से बेहतर कारोबार कर रही हैं।

# शूटिंग के दौरान बिगड़ी हिमांशी की तबीयत, बुखार और नाक से खून आने के बाद अस्पताल में भर्ती


**'बिग बॉस 13'** में फेम और पंजाबी एक्ट्रेस हिमांशी खुराना की तबीयत बिगड़ गई है। एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'फत्तो दे यार बड़े ने' के लिए शूटिंग कर रही थी। इस दौरान उनकी नाक से खून आने लगा और तेज बुखार हो गया, जिसके बाद उन्हें रोमानिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभिनेत्री रोमानिया में माइनस 7 डिग्री सेल्सियस में शूटिंग कर रही थीं, जिस वजह से उन्हें तेज बुखार हो गया।

हिमांशी खुराना अपनी फिल्म 'फत्तो दे यार बड़े ने' के एक सीक्वेंस की शूटिंग कर रही थीं, जिसमें उन्हें बारिश के नीचे सीन देना था। रोमानिया में काफी ठंडा मौसम हैं और ऐसे में वह बीमार हो गईं और उन्हें तेज बुखार हो गया। बुखार के बाद उनकी नाक से भी खून आने लगा। इसके बाद भी हिमांशी ने शूटिंग जारी रखी, लेकिन बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

हिमांशी खुराना कुछ समय पहले ही एक चैट शो में पहुंची थीं, जहां अभिनेत्री ने बताया था बिग बॉस 13 का हिस्सा बनने के बाद वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई थीं। उन्होंने कहा था, 'जब मैं बिग बॉस में गई, तो सभी ने सोचा कि यह जीवन बदलने वाला है, लेकिन यह सच नहीं था। वहां की नेगेटिविटी के कारण मैं डिप्रेशन में चली गई। इससे बाहर आने के लिए मुझे दो साल लग गए। हिमांशी खुराना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पंजाबी फिल्मों और म्यूजिक एल्बम में नजर आती हैं। अभिनेत्री बेहतरीन सिंगर भी हैं। वहीं, वह 'जीत जाएंगे जहां', 'साड्डा हक', 'लेदर लाइफ', 'अफसर' कई फिल्मों में नजर आई हैं। अब जल्द ही वह 'फत्तो दे यार बड़े ने' में दिखाई देंगी।



# ऊप्स! गिरते-गिरते बचीं अजय देवगन की बेटी न्यासा, वीडियो देख यूजर्स बोले- इतना क्यों पीती हो?



साल के आखिरी त्योहार क्रिसमस के मौके पर बॉलीवुड स्टार किड्स ने जमकर पार्टी की, जिसकी तस्वीरें और वीडियो अब सामने आ रही हैं. जाह्नवी कपूर, सुहाना खान, अनन्या पांडे और अजय देवगन-काजोल की बेटी न्यासा देवगन समेत कई चर्चित स्टार किड्स ने क्रिसमस नाइट पर पार्टी और मस्ती की. इस बीच न्यासा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो ठोकर लगने से गिरते-गिरते बचीं. वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि न्यासा देवगन अपनी कार की तरफ बढ़ती नजर आ रही हैं. इसी दौरान कैमरे से बचने की कोशिश में उन्हें ठोकर लग जाती है. बेटी न्यासा की ट्रोलिंग पर बोलीं काजोल, कहा- 'अगर आपको ट्रोल किया जा रहा है, तो इसका मतलब आप फेमस हैं'

न्यासा देवगन जहां भी जाती है, पैपराजी उनकी एक तस्वीर के लिए पीछा करने लगते हैं. ऐसा ही कुछ उस रात भी हुआ जब न्यासा अपार्टमेंट से निलकर अपनी कार में बैठने जा रही थीं. गाड़ी की तरफ बढ़ने के दौरान न्यासा ने पैपराजी से बचने की कोशिश की और तेजी से चलने लगीं. इसी बीच उनके पैर में ठोकर लगी और वो गिरते-गिरते बचीं. गनीमत रही कि न्यासा ने खुद को संभाल लिया और जमीन पर नहीं गिरीं. उन्हें चोट भी नहीं आई, और वो कार में जाकर बैठ गईं. न्यासा का ये वीडियो अब जमकर वायरल हो रहा है.

पैपराजी इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि न्यासा ने पिक टॉप और डेनिम जींस पहनी है. उन्होंने सफेद रंग का फेसमास्क भी लगाया हुआ है. सोशल मीडिया पर न्यासा का ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स कमेंट बॉक्स में मजेदार प्रतिक्रिया दे रहे हैं, जबकि कई लोगों ने न्यासा को ट्रोल किया है. एक यूजर ने लिखा, 'इतना क्यों पीती हो?' दूसरे ने लिखा, 'कितना पीते हैं ये लोग कि चलने का भी होश नहीं'. तीसरे ने लिखा, 'भाई ये जरा ज्यादा नशेड़ी नहीं है?' आपके बता दें कि न्यासा का बैलेंस पैर में ठोकर लगने से बिगड़ा था।

# टाइगर श्रॉफ-ऋतिक रोशन की जोड़ी 'द ट्रांसपोर्टर' के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर?



हिंदी सिनेमा में इन दिनों रीमेक्स का दौर चल रहा है। जहां पहले बॉलीवुड फिल्म निर्माता साउथ की सुपरहिट फिल्मों का हिंदी रीमेक बना रहे थे, वहीं अब उनकी नजर हॉलीवुड पर है। दरअसल, बॉलीवुड गलियारों से खबर आ रही है कि इंडस्ट्री में एक और फ्रेंचाइजी पर काम शुरू हो गया है। यह और कोई नहीं बल्कि फ्रेंच एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'द ट्रांसपोर्टर' है। खबरों के मुताबिक साल 2002 में आई इस फिल्म का अब हिंदी में रीमेक बनाया जाएगा, जिसका निर्माण विशाल राणा करेंगे। विशाल राणा ने एक्शन-थ्रिलर का रीमेक बनाने और इसे अपने प्रोडक्शन हाउस 'इकोलोन प्रोडक्शंस' के तहत एक फ्रैंचाइजी में तब्दील करने के आधिकारिक अधिकार खरीद लिए हैं।

हाल ही में एक मीडिया संस्थान के साथ की गई बातचीत के दौरान, विशाल ने खुलासा किया कि जैसा कि वह इस फिल्म का हिंदी रीमेक क्यों बना रहे हैं। विशाल बोले- 'हम बहुत सारी स्क्रिप्ट तैयार कर रहे हैं, जो अलग हैं। आजकल हम नए लेखकों से ढेर सारी कहानियां सुन रहे हैं। मुझे एक्शन फिल्में बहुत ज्यादा पसंद हैं। इसलिए मैं द ट्रांसपोर्टर का रीमेक बना रहा हूं। हमें द ट्रांसपोर्टर का आधिकारिक रीमेक बनाने के अधिकार मिल गए हैं। हम अगले साल इस पर काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं।'

विशाल ने 'द ट्रांसपोर्टर' की हिंदी रीमेक बनाने का खुलासा करने के बावजूद अभी यह नहीं बताया है कि वह फिल्म में किन सितारों को कास्ट करना चाहते हैं। लेकिन खबरों के मुताबिक निर्माता ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और रणवीर सिंह के नामों पर विचार कर रहे हैं। अब यह तो समय ही बताएगा कि फिल्म में फिर से टाइगर और ऋतिक रोशन एक साथ एक्शन करते दिखाई देंगे या नहीं। निर्माता से जब पूछा गया कि इतने बड़े पैमाने पर किसी प्रोजेक्ट को शुरू करने में उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है? विशाल ने जवाब दिया,'हमें स्टूडियो से समर्थन की जरूरत है जो हमें सशक्त बना सके। हमें एक स्मार्ट निर्माता बनना होगा और जहां आपको खर्च करना है वहां खर्च करना होगा। नियंत्रित बजट पर एक बढ़िया फिल्म देना सबसे जरूरी है।'

# फिनाले से पहले इस सिंगर ने छोड़ दिया 'इंडियन आइडल 13', वजह आपको भी कर देगी हैरान




**भारतीय टेलीविजन** इंडस्ट्री के सबसे प्रचलित सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' हमेशा से ही दर्शकों का पसंदीदा रहा है। सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाला इस शो का 13वां सीजन भी पहले दिन से चर्चाओं में रहा है। कभी अपने कंटेस्टेंट्स के चलते तो कभी जजों के कारण इस शो ने खूब लाइमलाइट बटोरी है। चर्चाओं में रहने वाला यह शो अब अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है और इसके टॉप 10 कंटेस्टेंट्स इन दिनों इंटरनेट पर छाए हुए हैं। उनकी हर छोटी से छोटी बात सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। लेकिन बीते शनिवार को इस शो के सेट पर कुछ ऐसा हुआ है, जिसने सबको चौंका दिया है। दरअसल, 'इंडियन आइडल 13' के टॉप 10 कंटेस्टेंट्स में से एक सेंजुती दास ने शो को छोड़ने का फैसला सुना दिया है, जिसे सुन सभी लोगों को झटका लगा है।

'इंडियन आइडल 13' के शनिवार को प्रसारित हुए एपिसोड में सेंजुती दास ने स्टेज पर आकर शो को बीच में छोड़ने का एलान कर दिया है। इसके पीछे सेंजुती की एक निजी वजह है, जिसे सुनकर सभी काफी हैरान रह गए हैं। दरअसल, पिता की खराब तबीयत से परेशान सेंजुती को मलाल है कि वह उनकी देखभाल नहीं कर पा रही हैं और इसी के कारण उन्होंने ऐसा करने का फैसला लिया है। स्टेज पर पहुंचकर सेंजुती ने जजेस के सामने कहा- 'जब से मैं इंडियन आइडल में आई हूं, तभी से मुझे बहुत सारा प्यार मिला है। मैं भगवान और अपने माता-पिता के प्रति बहुत थैंकफुल हूं कि मुझे इतना बड़ा अवसर मिला। लेकिन मेरे पेरेंट्स के लिए जो मेरी ड्यूटी है वह मैं पूरा नहीं कर पा रही हूं, क्योंकि मैं यहां पर हूं। मेरे पापा का इलाज चल रहा है। आज भी वह कोलकाता के अस्पताल में हैं और मेरी मां उन्हें लेकर गई हैं। उनकी आंखों का इलाज चल रहा है। उन्हें ग्लूकोमा आया है इससे पहले स्ट्रोक आया था। मुझे अभी उनके साथ होना चाहिए, मेरा वहां मौजूद न होना मुझे बहुत खटक रहा है।'

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सेंजुती ने बोला, 'मेरे घर पर सब कुछ नॉर्मल नहीं है। मेरी बड़ी बुआ का भी इसी साल निधन हुआ। मैं वहां भी नहीं जा पाई थी क्योंकि मैं मुंबई में थी। सबकी घर पर तबीयत खराब चल रही है। मैं अपने पेरेंट्स के साथ नहीं रह पा रही। मेरी मां अकेले सब कुछ कर रही हैं। मैं कैसे बोलूं पर मैं सचमुच यह शो छोड़ना चाहती हूं।' सेंजुती की यह बात सुनकर सभी चौंक जाते हैं और सेट पर खामोशी था जाती है।

विशाल डडलानी को सेंजुती का यह फैसला सुनकर काफी शॉक लगा और वह बोले- 'आप एक ऐसे स्टेज पर हो, जहां आपको एक ऐसी पहचान मिल रही है जिसकी चाहत पूरी दुनिया करती है।

# हॉकी खिलाड़ी से तू तू मैं मैं के बाद रोईं उर्फी जावेद, बोलीं- कितना बर्दाश्त करूं

**उर्फी जावेद** अपनी ड्रेसेज़ और बयानों के लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं. उर्फी अपनी जिंदगी जो अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीना चाहती हैं लेकिन लोग हैं कि उन्हें बार-बार किसी न किसी वजह से ट्रोल करने लगते हैं. कोई उन्हें सलवार- सूट पहनने की सलाह देता है तो कोई मुंह बंद करने की सलाह देता है. हाल ही में उर्फी का भारत के हॉकी खिलाड़ी युवराज वाल्मीकि से झगड़ा हुआ था सोशल मीडिया पर इस तू-तू मैं-मैं के बाद अब एक्ट्रेस फूट-फूट कर रो रही हैं.

दरअसल ये बात तब शुरू हुई जब एक पैपराजी ने उर्फी का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया. इस वीडियो पर युवराज ने आपत्तिजनक कमेंट किया था, जो उर्फी को बिल्कुल पसंद नहीं आया वीडियो में उर्फी के दुबई में गिरफ्तार होने की बात कही जा रही थी युवराज ने इस पर कमेंट लिखा, 'धन्यवाद दुबई कृपया इसे हमेशा अपने पास रखें.

इस कमेंट के जवाब में उर्फी जावेद ने लिखा, 'आपको मेरे कपड़ों से इतनी प्रॉब्लम है और फिर भी आप मेरे पर्सनल पेज पर मैसेज करते हैं वैसे आपके द्वारा भेजे गए मैसेज के स्क्रीनशॉट अभी भी मेरे पास हैं. युवराज ने कहा कि उन्होंने उर्फी जावेद के किरदार और कपड़ों पर कोई टिप्पणी नहीं की है. उन्होंने कहा कि उर्फी के कपड़ों की वजह से दुबई में गिरफ्तार होने की खबर हर जगह थी, उन्होंने सिर्फ इस खबर पर अपना रिएक्शन दिया था।




# स्प्लिट्सविला 14 के शिवम शर्मा ने खुद को बताया 'मेल राखी सावंत', उर्फी जावेद ने किया रिएक्ट

**'स्प्लिट्सविला 13'** और 'लॉकअप' जैसे रियलिटी शो से अपनी पहचान बना चुके शिवम शर्मा एक बार फिर वापस आ रहे हैं। दरअसल, शिवम शर्मा ने 'स्प्लिट्सविला 14' में एंट्री ली है। वहीं, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि वह मेल राखी सावंत हैं। इसके अलावा उन्होंने उर्फी जावेद को लेकर भी कुछ बातें सामने रखीं। शिवम शर्मा कई रियलिटी शो में हिस्सा ले चुके हैं। साथ ही, वह कई शो में फाइनल तक भी पहुंचे। स्प्लिट्सविला' 13 की बात करें तो वह इसमें रनर अप रहे थे। वहीं, लॉकअप' में वह तीसरे फाइनलिस्ट रहे थे।

हाल ही में शिवम ने एक इंटरव्यू में खुद को मेल राखी सावंत बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह राखी सावंत बिग बॉस के हर सीजन में मनोरंजन का तड़का लगाने जाती हैं, कुछ वैसा ही हाल उनका भी है। उन्होंने कहा कि अगर वह 'स्प्लिट्सविला 13' जीत जाते तो शायद उन्हें दोबारा सीजन 14 में नहीं बुलाया जाता।

शिवम ने कहा कि 'स्प्लिट्सविला 14 में वापस आना उनके लिए किसी ट्रॉफी से कम नहीं है। अच्छा ही रहा, जो मैं सीजन 13 की ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर पाया, तभी मुझे 14 सीजन में आने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मैं मेल राखी सावंत की तरह हूं, मुझे जीतने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मैं रियलिटी शो में आऊंगा और दर्शकों का मनोरंजन करूंगा।



सभी जानते हैं कि उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। वह अक्सर अपने अतरंगी लुक को लेकर चर्चा में रहती हैं। उर्फी कभी साइकल की चेन से बनी ड्रेस पहने दिखती हैं तो कभी घड़ियों के आउटफिट में नजर आती हैं। इसकी वजह से वह अक्सर ट्रोल होती हैं। बता दें कि उर्फी जावेद भी 'स्प्लिट्सविला 14' में 'मिसचीफ मेकर' के रूप में नजर आ रही हैं।






# आपको भी हैं ये समस्याएं तो भूलकर भी ना करें फूल गोभी का सेवन

कुछ लोगों के लिए फूल गोभी खाना काफी नुकसानदायक साबित होता है. ऐसे में अगर आपको भी ये बीमारियां हैं तो आपको फूल गोभी का सेवन नहीं करना चाहिए. ऐसे में आइए जानते हैं कौन सी समस्याएं होने पर फूल गोभी का सेवन नहीं करना चाहिए.




सर्दियों में फूल गोभी मार्केट में मिलने लगती है. फूल गोभी की सब्जी काफी टेस्टी होती है साथ ही सेहत के लिए भी फूल गोभी काफी फायदेमंद होती है. फूल गोभी में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, आयरन, कैल्शियम और फॉस्फोरस अच्छी मात्रा में होता है. फूल गोभी में विटामिन ए, बी, सी और पोटैशियम भी पाया जाता है. लेकिन कुछ लोगों के लिए फूल गोभी खाना काफी नुकसानदायक साबित होता है. ऐसे में अगर आपको भी ये बीमारियां हैं तो आपको फूल गोभी का सेवन नहीं करना चाहिए. ऐसे में आइए जानते हैं कौन सी समस्याएं होने पर फूल गोभी का सेवन नहीं करना चाहिए.



पाचन की समस्या- पाचन संबंधित समस्याएं होने पर फूल गोभी का सेवन नहीं करना चाहिए. फूल गोभी खाने से पेट में गैस बनती है. फूल गोभी में रेफिनोज होता है जो एक तरह का कार्बोहाइड्रेट है. कुछ लोगों का शरीर इसे ब्रेक नहीं कर पाता. जिससे एसिडिटी की समस्या बढ़ जाती है. ऐसे में अगर आपको पेट से जुड़ी समस्याएं हैं तो आपको फूल गोभी का सेवन नहीं करना चाहिए.

थायरॉइड- अगर आपको थायरॉइड की समस्या है तो आपको फूल गोभी का सेवन नहीं करना चाहिए. इसे खाने से आपका टी 3 और टी 4 हार्मोन बढ़ सकता है.

पथरी- अगर आपको किडनी में स्टोन है तो आपको फूलगोभी का सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए. फूलगोभी में कैल्शियम काफी मात्रा में होता है. इसके सेवन से यूरिक एसिड की समस्या और बढ़ सकती है.

ये समस्या होने पर- फूल गोभी में पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है. इसका ज्यादा सेवन करने से शरीर का खून धीरे-धीरे गाढ़ा होने लगता है.

# सर्दियों में अजवाइन खाने का सही तरीका

अजवाइन का इस्तेमाल भारत के हर रसोईघर में किया जाता है. अजवाइन का इस्तेमाल मसाले के रूप में किया जाता है. आयुर्वेद में अजवाइन के कई फायदों के बारे में बताया गया है. इसका इस्तेमाल औषधी के रूप में किया जाता है. इसका इस्तेमाल पराठा, नमकीन, सब्जी, पूरी, मठरी आदि में किया जाता है. अजवाइन की तासीर गर्म होती है जिस कारण सर्दियों में यह काफी फायदेमंद साबित होता है. अजवाइन में प्रोटीन, फैट, फाइबर और मिनरल जैसे कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन और निकोटिनिक एसिड मौजूद होते है जो सेहत के लिए बेहद उपयोगी है. अजवाइन का सेवन करने से सर्दी-जुकाम, बहती नाक और ठंड से निजात मिलती है. आज हम आपको अजवाइन के फायदे और इसके इस्तेमाल के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं आइए जानते हैं-



**अजवाइन के फायदे और खाने का सही तरीका**

पाचन करे ठीक- अजवाइन एंटी ऑक्सिडेंट और एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है. अजवाइन खाने से पेट की गैस, पेट दर्द, सर्दी-जुकाम जैसी तकलीफों से छुटकारा मिलता है. इसके लिए अजवाइन, काला नमक और सूखे अदरक को पीसकर चूरन तैयार कर लें. खाना खाने के बाद इस चूरन का सेवन ।

कब्ज करे दूर- कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए अजवाइन काफी मददगार साबित होती है. गुनगुने पानी के साथ इसका सेवन करने से कब्ज की समस्या से काफी आराम मिल सकता है.

खांसी -जुकाम करे ठीक- अजवाइन की तासीर काफी गर्म होती है ऐसे में सर्दियों के मौसम में अजवाइन का सेवन करने से खांसी-जुकाम और कफ की समस्या दूर होती है. इसके लिए अजवाइन को पानी में मिलाकर उबाल नें. इसमें काला नमक मिलाकर पीने से आराम मलिगा.

गठिया की परेशानी करे ठीक- अजवाइन से गठिया के रोग में भी आराम मिलता है. अजवाइन के चूरन की पोटली बनाकर घुटनों में सेंकने से फायदा होता है.आधा कप अजवाइन के रस में सौंठ मिलाकर पीने से भी गठिया का रोग ठीक हो जाता है.

पीरियड्स के दर्द से छुटकारा- महिलाओं को पीरियड्स के वक्त कमर और पेट के निचले हिस्से में बहुत दर्द होता है. ऐसे में गुनगुने पानी के साथ अजवाइन लेने से दर्द में आराम मिलता है.

# कमजोर इम्युनिटी वाले हो सकते हैं संक्रमण का शिकार, ऐसे लक्षणों का मतलब आपमें भी है खतरा

चीन-अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में तेजी से बढ़ता कोरोना का संक्रमण एक बार फिर से लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से अध्ययनों में नए वैरिएंट्स की संक्रामता दर देखी जा रही है, वह निश्चित ही डराने वाली है। इससे बचाव के लिए हम सभी को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर का लगातार पालन करते रहने के साथ इम्युनिटी को मजबूत करने वाले उपायों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

शोध बताते हैं कि जिन लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत है, उनमें ओमिक्रॉन के संक्रमण का जोखिम कम होता है। मजबूत इम्युनिटी सिर्फ कोरोना ही नहीं कई प्रकार के अन्य वायरल और बैक्टीरियल संक्रमणों के जोखिम से भी आपको सुरक्षित रखने में मदद करती हैं।

आइए जानते हैं कि किन लक्षणों के आधार पर इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपकी इम्युनिटी पावर, कोविड संक्रमण से बचाव और मुकाबले के लिए कम है?



**कोरोना संक्रमण के जोखिम कारक**

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ऐंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के मुताबिक कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, आपमें कोरोना संक्रमण के खतरे को बढ़ा देती है। जब वायरस श्वसन मार्ग से शरीर में प्रवेश करता है तब प्रतिरक्षा प्रणाली इससे मुकाबला करके वहीं निष्क्रिय कर देती है। वहीं जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर होती है उनमें संक्रमण बढ़ जाता है और गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है। हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी स्थितियों में स्वाभाविक तौर पर प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है, यही कारण है कि ऐसे लोगों में संक्रमण होने का खतरा अधिक होता है।

**कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के संकेत**

वयस्कों में साल में 2-3 बार सामान्य सर्दी-जुकाम होना सामान्य है, हालांकि अगर मौसम बदलते ही आपको छींक आना या बुखार शुरू हो जाता है तो आपको सावधान हो जाने की जरूरत है। यह आपकी कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली का संकेत हो सकती है। जिन लोगों की इम्युनिटी पावर कमजोर होती है, उनमें अन्य लोगों के मुकाबले मौसमी बुखार और संक्रमण का खतरा अधिक होती है। ऐसे लोगों को प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने वाले उपायों पर ध्यान देना आवश्यक हो जाता है।

**कमजोरी और थकान की समस्या**

प्रतिरक्षा प्रणाली की कमजोरी की स्थिति में आपमें अक्सर थकान और कमजोरी की समस्या बनी रह सकती है। जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर होती है उनमें किसी प्रकार के रोग की स्थिति में शरीर को मुकाबले के लिए अपेक्षाकृत अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है, यही कारण है कि आपमें कमजोरी की दिक्कत बनी रह सकती है। नींद पूरी होने के बावजूद अगर आप थका हुआ महसूस करते हैं, तो इसे इम्युनिटी की कमजोरी का संकेत माना जा सकता है।



**घावों को ठीक होने में लगता है अधिक समय**

त्वचा में होने वाली कट या घावों को ठीक होने में अगर ज्यादा समय लग रहा है तो इसे भी इम्युनिटी पावर की कमजोरी का एक संकेत माना जाता है। आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली बीमारी से बचाने के साथ घावों को तेजी से भरने के लिए भी आवश्यक है। मधुमेह के शिकार लोगों में इसी वजह से घावों को ठीक होने में सामान्य से अधिक समय लगता है। ऐसे लोगों में भी कोविड-19 और अन्य तरह के संक्रमण का खतरा अधिक हो सकता है।

# सर्दियों में खतरनाक साबित हो सकती है यूरिक एसिड बढ़ने की समस्या, इन तरीकों से करें कंट्रोल

यूरिक एसिड कार्बनिक पदार्थ होता है जो शरीर में बहुत कम मात्रा में पाया जाता है. इसकी जितनी मात्रा बनती है उसे किडनी द्वारा फिल्टर कर शरीर से बाहर निकाल दिया जाता है लेकिन अगर यह जरूरत से ज्यादा बनने लगे तो कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है. यूरिक एसिड के कारण जोड़ों में दर्द, उठने-बैठने में परेशानी और सूजन आदि परेशानियों का सामना करना पड़ता है. ऐसे मे सर्दियों में यूरिक एसिड की समस्या से परेशान मरीजों की परेशानी काफी बढ़ जाती है. सर्दियों में इससे होने वाला दर्द काफी बढ़ जाता है. ऐसे में जरूरी है कि आप इस मौसम में अपना खास ख्याल रखें. इसके लिए जरूरी है कि आप सर्दियों में अपनी डाइट में थोड़ा बदलाव करें. आज हम आपको कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें सर्दियों के मौसम में खाकर आप अपने यूरिक एसिड के लेवल को कंट्रोल में कर सकते हैं आइए जानते हैं ऐसी चीजों के बारे में –

संतरा- सर्दियों में संतरा काफी बिकता है. संतरे में विटामिन सी पाया जाता है. इसके अलावा सर्दियों में आंवला भी काफी बिकता है. यह यूरिक एसिड के लेवल को सही रखने में मदद करते हैं.

नारियल पानी- नारियल पानी का रोजाना सेवन करने से शरीर को कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं. ये बढ़े यूरिक एसिड लेवल को कम करने में भी सहायक माना जाता है.




खूब पानी पीएं- अधिक मात्रा में पानी पीने से किडनी से यूरिक एसिड तेजी से निकलता है. ऐसे में जरूरी है कि आप ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं.

खीरा और गाजर- यूरिक एसिड को घटाने के लिए गाजर और खीरा बहुत अच्छा है. गाजर एंटी-ऑक्सिडेंट में बेहद समृद्ध हैं जो एंजाइम के उत्पादन को नियंत्रित करने में मदद करती है. अपने उच्च फाइबर सामग्री के कारण, वे यूरिक एसिड सामग्री को शरीर से बाहर निकालने में भी सहायक होती हैं.

# चीन में बढ़ रहा है कोविड का ग्राफ आप भूलकर भी न करें ये गलतियां

कोरोना वायरस महामारी की चीन में लहर जिस तरह हर किसी को परेशान किया। ठीक वैसे ही यह भारत के भी लोगों को अपना निशाना बना सकती है, क्योंकि जिस तरह से लोग लगातार लापरवाही करते हुए नजर आ रहे हैं, ये इसकी ओर साफ इशारा करता है। हमें ये नहीं भूलना चाहिए कि पिछली बार भी धीरे-धीरे करके ऐसे ही देश में एकदम से कोरोना के केस बढ़ गए थे, जिसकी वजह से लोग संक्रमित हुए तो दूसरी तरफ लोगों की जान भी गई। इसलिए जरूरी है कि आप सभी कोविड-19 के नियमों का पूरा पालन करें। लेकिन कुछ गलतियां अब भी हैं, जो हम लोग कर रहे हैं और वक्त रहते हमें इन्हें सुधारना है। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में।

## वैक्सीन न लगवाना

चीन में कोविड ने पैर पसार दिये है, वहां पर 3 लाख से ज्यादा लोग इसकी चपेट में आ गये है, जिससे भारत के लोगों आगाह किया जा रहा है। और देखा जा रहा है कि कई लोग अब भी वैक्सीनेशन नहीं करवा रहे



हैं। सभी से अपील की जाती है कि अभी भी समय है वैक्सीनेशन करवा ले, नहीं लगाया तो आप जैसे लोगों से दूसरों को संक्रमित कर सकते हैं। वहीं, कई लोगों के मन में वैक्सीन को लेकर गलतफहमी है। जबकि उन्हें ये समझना चाहिए कि विशेषज्ञ पहले ही वैक्सीन को पूरी तरह सुरक्षित और असरदार बता चुके हैं। ऐसे में हर किसी को अपनी बारी आने पर वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए।



## हाथ न धोना

कई लोग कोरोना की पहली और दूसरी लहर की शुरुआत के समय तो अपने हाथों को साबुन या सैनिटाइजर से साफ कर रहे थे, लेकिन अब फिर से लोगों में इसको लेकर लापरवाही देखी जा रही है। लोग खाना खाने से पहले, किसी चीज को छूने से पहले और बाद में आदि अपने हाथों को साफ नहीं रह रहे हैं। ऐसे में आपके हाथों द्वारा कोरोना आपके शरीर मे प्रवेश कर सकता है। इसलिए अपने हाथों को जरूर धोएं।

## भीड़ भाड़ में जाना

जैसे ही सरकार की तरफ से लॉकडाउन की पाबंदियों में ढील दी गई। लोग घर से बाहर निकलने लगे, लेकिन देखा जा रहा है कि कई लोग बेमतलब घर से बाहर भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जा रहे हैं। ऐसे में भीड़ में उनके संक्रमित होने का ज्यादा खतरा है। इसलिए हर किसी को अपने घर पर ही रहना चाहिए और बच्चों व बुजुर्ग लोगों का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए।

## मास्क न पहनना

कई लोग अब भी मास्क को लेकर लापरवाही कर रहे हैं। कोई मुंह के ऊपर मास्क पहन रहा है, तो कोई उसे गले में लटका ले रहा है और कोई तो सिर्फ इससे मुंह ढक रहा है नाक नहीं। ऐसे में मास्क को लेकर की जा रही ये लापरवाही कोरोना से संक्रमित होने में मदद कर सकती है। इसलिए आपको मास्क अच्छी तरह से पहनना है और दूसरों को भी इस बारे में बताना है।

# क्या आप सियाटीका से पीड़ित हैं?

**प्रश्न : मेरी उम्र 40 वर्ष है। पिछले 3 महीने से पीठ के दर्द से पीड़ित हूं। कृपया आयुर्वेदिक उपचार बताएं।**

**- विश्वेश्वर वर्मा वरंगल**

उत्तर : पीठ का दर्द कई कारणों से हो सकता है। जन्मजात विकृतियां, उठने - बैठने के ढंग में खराबी, कमजोर मांसपेशियां, कंडराओं में अकड़न या सूजन, व्यायाम का अभाव, भोजन में पोषक तत्वों की कमी, बचपन में पीठ पर चोट लगना, वात बढ़ने आदि कारणों से पीठ में दर्द हो सकता है।

आप जिस स्कूटर या मोटरसाइकिल का प्रयोग करते हैं, यदि उसके नाक आब्जर्वर खराब हो गए हो तब भी कंधे व पीठ में दर्द संभव है। ज्यादा झुककर कार्य करना, एक हाथ से वजन उठाना, घंटों एक ही आसन में बैठे रहना भी पीठ दर्द को बढ़ा सकता है।

पीठ पर रूमेटाइज ऑयल या ऊंझा महानारायण तेल की मालिश करें । रुमाटाइज टिकिया, महायोगराज गुग्गुलु, ऊंझा वातगजंकुश रस की टिकिया दिन में तीन बार भोजन के बाद लेवें। ऊंझा अश्वगंधारिष्ट व दशमूलारिष्ट 10-10 मिलीलीटर दवा को पानी में मिलाकर भोजन के बाद लेवें। नित्य हल्का व्यायाम करें, टहले, वह सदा प्रसन्न चित्त रहें, गरिष्ठ भोजन, वातकारक आहार, कंदमूल (आलू, रतालू, अरबी, मूली, शलजम आदि) का सेवन, रात्रि जागरण ना करें । बासी भोजन व ठंडे पेय पदार्थ, आइसक्रीम आदि के सेवन से बचें।

**प्रश्न : मेरी उम्र 45 वर्ष है। पिछले 2 महीनों से सियाटीका से परेशान हूं। अंग्रेजी दवाओं से जरा भी लाभ नहीं मिल पा रहा है, कृपा कर आयुर्वेदिक दवा बताएं।**

**- वेंकटेश राव, महबूबनगर**

उत्तर : सियाटीका को आयुर्वेद में गृध्रसीवात कहते हैं। यह गृध्रसी नाड़ी के शोथ से उत्पन्न बड़ी कष्टदाई स्थिति है। इसका आयुर्वेद में उपचार है। कुछ सरल घरेलू उपाय बता रहा हूं जिसका प्रयोग कर आप आसानी से इससे मुक्ति पा सकते हैं।

* वज्रासन में बैठना आराम देता है ।

*सुबह -शाम ऊंझा महानारायण तेल या ऊंझा महाविषगर्भ तेल की मालिश करने से आराम मिलता है।

* 5 ग्राम लहसुन और 5 ग्राम प्याज का रस पानी के साथ सेवन करने से सियाटीका का दर्द शांत होता है।



* शुद्ध गुग्गुलुऔर रास्ना चूर्ण में शुद्ध घी मिलाकर सेवन करने से सियाटीका रोग ठीक होता है। *एक पोती वाले लहसुन को एक गिलास दूध में उबालकर रबड़ी की तरह बना कर 21 दिन सेवन करने से इस रोग से मुक्ति मिलती है।

*अश्वगंधा चूर्ण को 10 ग्राम की मात्रा में लेकर एक गिलास दूध में डालकर सेवन करने से लाभ होता है।

* 3 ग्राम पिपली का चूर्ण के साथ 15 ग्राम एरंड के तेल के साथ सेवन करने से लाभ मिलता है।

शास्त्रीय औषधियों में ऊंझा बृहत योगराज गुग्गुलु एवं ऊंझा समीरपन्नग रस का सेवन करने से लाभ मिलता है। ऊंझा त्रयोदशांग गुग्गुलु , ऊंझा वात विध्वंसन रस एवं औरा अश्वगंधा घनवटी का सुबह-शाम सेवन करने से इस रोग में आराम मिलता है। भोजन के बाद ऊंझा महारास्नादि काढ़ा 20-20 मिलीलीटर आधे का गुनगुने पानी में मिलाकर सेवन करने से इस कष्ट दाई रोग से मुक्ति मिलती है।

**प्रश्न : कृपा कर नेत्र ज्योति वर्धक सरल नुस्खे बताएं जिसका कोई भी सेवन कर अपनी दृष्टि बढ़ा सकता है।**

**- सांभशिव, करीमनगर**

उत्तर : कहावत है 'बिना ज्योति जग सूना'! दुनिया देखने के लिए आंखों का सेहतमंद होना जरूरी है । आयुर्वेद में इसके सरल उपाय हैं।

* गिलोय, हरड़, बहेड़ा, आंवला समभाग लेकर उसका काढ़ा बनाकर उसमें शहद और पिपली का चूर्ण मिलाकर सुबह-शाम सेवन करने से थोड़े ही दिनों में नेत्र शक्ति सबल हो जाती है।

* प्रतिदिन बड़ी हरड़ घी के साथ चाटे। ऊपर से मिश्री मिला गाय का दूध पिएं। इस से आंखों की रोशनी बढ़ती है तथा स्मरण शक्ति भी तेज होती है।

* गाजर का रस पीने से नेत्र ज्योति प्रबल होती है, शरीर में रक्त वृद्धि होती है, तनाव दूर होता है तथा हृदय की दुर्बलता दूर होती है ।

*आंवले का रस आंखों की रोशनी को अच्छा रखता है।

* पैरों के तलवों की सरसों के तेल से मालिश करें। आंखों की ज्योति इससे बढ़ती है।

* एक गिलास पानी में एक नींबू निचोड़ कर रोज सुबह खाली पेट पीने से आंखों की रोशनी बढ़ती है।

*काली मिर्च के आधा ग्राम चूर्ण को एक चम्मच शुद्ध घी में मिलाकर खाने से अनेक प्रकार के नेत्र रोग मिलते हैं।

*दो बादाम , सौंफ, काली मिर्च व मिश्री पीसकर दूध के साथ सेवन करें ।यह योग भी नेत्र शक्ति को बढ़ाता है।

*नारियल की 25 ग्राम सूखी गिरी और 60 ग्राम शक्कर या मिश्री को प्रतिदिन खाने से आंखों की समस्याओं का समाधान होता है। यह प्रयोग मधुमेंही ना करें।

शास्त्रीय योगों में ऊंझा सप्तामृत लोह टिकिया को सुबह-शाम गाय के दूध के साथ लेते रहने से आंखों की दृष्टि बढ़ती है। त्रिफला घृत का 5 ग्राम की मात्रा में गुनगुने दूध में मिलाकर सेवन करने से निश्चित ही आंखों की रोशनी बढ़ती है। ऊंझा त्रिफला चूर्ण का हर रात गुनगुने दूध या गुनगुने पानी से सेवन करने पर आंखों की दृष्टि बढ़ती है और पेट भी साफ होता है। कब्जियत खत्म होती है शरीर में चुस्ती फुर्ती बढ़ती है।

**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**
**email :**
purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
**स्वतंत्र वार्ता**
396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80

# क्या फ्लू वैक्सीन और कोविड बूस्टर डोज एक साथ लगवाई जा सकती है?

## फ्लू और कोरोना दोनों का है डर

एक्सक्लूसिव डेस्क, 26 दिसंबर। ठंड के मौसम में सर्दी-जुकाम और इन्फ्लूएंजा के पेशेंट्स बढ़ गए हैं। डॉक्टर्स का कहना है कि इस साल ओपीडी में पिछले दो सालों के मुकाबले इन्फ्लूएंजा के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इस कंडीशन में अब कई लोग कन्फ्यूज्ड हैं कि फ्लू शॉट यानी फ्लू की वैक्सीन लगवाएं या नहीं। इसकी वजह है चीन में कोरोना का कहर।

दरअसल, ज्यादातर लोगों ने अब तक बूस्टर डोज नहीं लिया है और अब वो इसे लगवाना चाहते हैं। ऐसे में कन्फ्यूजन यह है कि क्या दोनों वैक्सीन एक साथ लगवाई जा सकती हैं या नहीं।

**फ्लू शॉट क्या है?**

फ्लू शॉट या फ्लू जैब एक वैक्सीन है जो हमारे शरीर को इन्फ्लूएंजा वायरस से बचाती है। इस वैक्सीन को लगवाने के बाद शरीर में इन्फ्लूएंजा वायरस के खिलाफ एंटीबॉडीज बन जाती है। इससे शरीर पर वायरस के अटैक से पहले ही शरीर का इम्यूनिटी सिस्टम डेवलप हो जाता है और हम बीमार पड़ने से बच जाते हैं।

**क्या चिकनपॉक्स जैसी दूसरी वैक्सीन की तरह एक बार फ्लू शॉट लगवाना काफी होता है?**

नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि फ्लू का वायरस बहुत जल्दी-जल्दी बदलता है। इस वजह से फ्लू वैक्सीन हर साल नई आती है। इसलिए हर साल फ्लू शॉट लेना जरूरी है।

**किसे और कब लेना चाहिए फ्लू शॉट?**

हर किसी को फ्लू शॉट लेना चाहिए। जिन्हें फ्लू होने की आशंका ज्यादा रहती है उन्हें इसे लेने में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। छोटे बच्चे, बुजुर्ग, कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को समय पर फ्लू शॉट ले लेना चाहिए। हर साल सितंबर-अक्टूबर और मार्च-अप्रैल में फ्लू शॉट का नया वर्जन आता है।

**फ्लू शॉट लेना कितना जरूरी है?**

फ्लू शॉट लेना बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी की ही तरह इन्फ्लूएंजा वायरस की वजह से भी महामारी आ चुकी है। यह वायरस हर साल अपना रूप बदलता है। भारत में डायबिटीज, दिल की बीमारी और कमजोर इम्यूनिटी से कई लोग परेशान है। ऐसे लोगों को फ्लू शॉट जरूर लेना चाहिए। इन्फ्लूएंजा वायरस से लंग्स पर गंभीर असर पड़ सकता है। इसलिए इसकी वैक्सीन लगवाना जरूरी है।

**कैसे दिया जाता है फ्लू शॉट?**

फ्लू शॉट आमतौर पर बांह के ऊपरी हिस्से में इंजेक्शन के जरिए दिया जाता है। इसे लेने का प्रोसेस बहुत जल्दी खत्म हो जाता है और इसमें कोई खास दर्द भी नहीं होता है। फ्लू शॉट लगवाने से पहले अपने हाथ को हिलाएं। शॉट लेने के बाद भी हाथ हल्का-हल्का हिलाते रहें। इससे दर्द थोड़ा कम होगा।

**कोरोना के समय फ्लू शॉट लेना कितना जरूरी है?**

कोरोना काल में फ्लू शॉट लेना बहुत जरूरी है। दरअसल, फ्लू होने से हमारी इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। इससे कोरोना वायरस आसानी से अटैक कर सकता है। साथ ही अगर किसी को कोविड और फ्लू एक साथ हो जाता है तो पेशेंट की हालत जानलेवा हो सकती है।

**क्या फ्लू शॉट लेने के बाद कोई साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं?**

हां, फ्लू शॉट के कुछ मामूली साइड इफेक्ट्स होते हैं

जहां शॉट लगवाया है उस जगह पर दर्द और सूजन हो सकती है।

मसल्स में दर्द और खिंचाव महसूस हो सकता है।

फ्लू शॉट लेने के बाद सिरदर्द भी हो सकता है।




कुछ लोगों को बुखार आ सकता है।

नाक बहना या एलर्जी हो सकती है।

शरीर में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, दिल की गति का बढ़ना या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**क्या फ्लू शॉट के साथ कोरोना की वैक्सीन भी लगवा सकते हैं?**

दो-तीन वैक्सीन एक साथ लगवाना कोई नई बात नहीं है। छोटे बच्चों को कई तरह की वैक्सीन एक साथ लगाई जाती रही हैं। आप फ्लू शॉट और कोरोना की वैक्सीन एक साथ लगवा सकते हैं। इससे कोई परेशानी नहीं होगी।

**क्या इससे कोई नुकसान हो सकता है?**

फ्लू शॉट और कोरोना की वैक्सीन एक साथ लगवाने से कोई गंभीर नुकसान नहीं होगा। दोनों ही वैक्सीन के कुछ साइड इफेक्ट्स हैं। अगर कोई व्यक्ति दोनों साथ लगवाता है तो ये साइड इफेक्ट्स एक साथ आपको परेशान कर सकते हैं। इससे जहां वैक्सीन लगवाई है वहां दर्द और सूजन ज्यादा हो सकती है। कुछ लोगों को बुखार आ सकता है। सिरदर्द भी हो सकता है। ऐसे में टेम्प्रेचर कम करने के लिए बुखार की दवा ले सकते हैं।

**वैक्सीन लगवाते हुए किस तरह की सावधानी जरूरी है?**

अगर इम्यूनिटी वीक है या कोई स्पेशल ट्रांसप्लांट करवाया है तो अपने डॉक्टर से बात करने के बाद ही कोई भी वैक्सीन लगवाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि इन लोगों के हर वैक्सीन सही नहीं होती। इसके अलावा अगर कोई दूसरी भी मेडिकल कंडीशन है तो वैक्सीनेशन से पहले डॉक्टर से बात जरूर कर लें।

**फ्लू शॉट और कोरोना की वैक्सीन अगर साथ लगवा रहे हैं तो क्या दोनों एक ही हाथ पर लगवा सकते हैं?**

बिल्कुल, अगर आप चाहें तो आप दोनों वैक्सीन एक ही हाथ में लगवा सकते हैं। इससे हो सकता है कि उस हाथ में सूजन और दर्द कुछ ज्यादा हो जाए।

**क्या फ्लू शॉट और कोरोना वैक्सीन दोनों में से कोई एक लगवा सकते हैं?**

ऐसा करना सही नहीं। फ्लू शॉट और कोरोना की वैक्सीन दोनों ही लगवाना जरूरी है।

**चलते-चलते**

फ्लू की वैक्सीन लगवाने से हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है

स्पेन के अल्काला विश्विद्यालय में हुए एक शोध में सामने आया कि फ्लू होने से स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इसी वजह से फ्लू शॉट लगवाने से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। दिल की बीमारी वाले लोगों में फ्लू होने से कॉमप्लिकेशंस बढ़ सकती हैं।

**1. कोविड में बदल सकता है पैरों का रंग: जीभ हो जाएगी कटीली, चीन में कोरोना मचा रहा हाहाकार, पहचान लें 5 अजीब लक्षण**

कोविड को आए करीब तीन साल बीत चुके हैं। ज्यादातर लोग जान चुके हैं कि अगर गले में दर्द के साथ जुकाम, भयंकर खांसी, सांस लेने में तकलीफ, बुखार और बदन दर्द हो रहा है तो कोविड हो सकता है। इसके बावजूद इस सच को नकार नहीं सकते कि कुछ अजीबोगरीब लक्षण कोविड से हमेशा जुड़े रहे हैं। आज हम एक्सपर्ट के जरिए से ऐसे ही 5 सिम्पटम्स की बात कर रहे हैं जो कोविड के लक्षण हो सकते हैं।

**2. तब की कोरोना वैक्सीन अब भी कारगर या नहीं: मैंने बूस्टर डोज नहीं लगवाई, मुझे कितना खतरा?**

देश में एक बार फिर से कोरोना का खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं। मसलन जो लोग वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके हैं, वे कितना सुरक्षित हैं? क्या उन्हें बूस्टर डोज की जरूरत होगी? जिन्हें पहले कोरोना हो चुका है, उन्हें कितना खतरा है? कोरोना से जुड़े ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे एक्सपर्ट दे रहे हैं

**3. क्या लौट रहा है कोरोना: एक्सपर्ट्स कह रहे कोरोना चकमा देने में माहिर, डरने की जगह मास्क पहनें**

कोरोना की वजह से चीन की स्थिति डरावनी है। चीन में अगले कुछ महीनों में 80 करोड़ लोग कोरोना संक्रमित हो सकते हैं। लंदन की ग्लोबल हेल्थ इंटेलिजेंस कंपनी एयरफिनिटी ने इसकी वजह चीन में कम वैक्सीनेशन और एंटीबॉडीज में कमी बताया। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा रोकने की अपील की है। इसके लिए कोरोना महामारी बढ़ने का हवाला दिया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राहुल को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि देश में एक बार फिर से कोरोना का खतरा बढ़ता जा रहा है, हेल्थ इमरजेंसी के हालात हैं। देश को बचाने के लिए यात्रा रोक दें। आज जरूरत की खबर में डिटेल में जानते हैं कि हमें इससे डरने की जरूरत है या नहीं?

# सोशल एक्टिविस्ट की हत्या, लाश जलाई

## सरपंच ने पीटकर मार डाला, फिरौती मांगी, गुमराह करने के लिए इनाम की घोषणा कर दी

कवर्धा, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में सोशल एक्टिविस्ट और पत्रकार की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। असल में उसकी हत्या उसके ही पहचान वाले एक सरपंच ने की थी। सरपंच ने पहले पत्रकार को पीट-पीटकर मार डाला था। फिर अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी लाश को जला दिया। इसके बाद अपने-अपने साथियों से पत्रकार के घरवालों को फोन कर फिरौती भी मंगवाई। इतना ही नहीं किसी को शक न हो इसलिए उसने 10 हजार रुपए इनाम की भी घोषणा कर दी थी। इसके बावजूद पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई है। मामला कवर्धा थाना क्षेत्र का है।

विवेक चौबे (34) मठपारा में अपनी बहन के साथ रहते थे। वे 12 नवंबर से लापता हो गए। इस वजह से 16 नवंबर को उनके एक परिचित ने लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। पुलिस ने उस दौरान काफी जांच पड़ताल की। मगर कुछ पता नहीं चल सका था। फोन की लोकेशन ट्रेस करने पर पत चला कि बोड़ला क्षेत्र में उनका फोन बंद हुआ था।




पुलिस ने मौके पर जाकर पड़ताल की। फिर भी कोई जानकारी सामने नहीं आ सकी थी। इसके बावजूद पुलिस लगातार इस केस में जांच करती रही। इस बीच विवेक की बहन ने पुलिस को बताया कि उसे एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारा भाई मेरे कब्जे में है। उसे छुड़वाने के लिए सोने, चांदी और कैश लगेंगे। वो लेकर आओ भाई वापस मिल जाएगा।

**पुलिस को पहले ही शक था, मगर सबूत नहीं मिले**

ऐसे में पुलिस ने फोन करने वालों का पता लगाया।। जांच में पता चला कि जिस नंबर से फोन आया था, उसका इस मामले से सीधे कोई लेना-देना नहीं था। उनसे किसी तीसरे शख्स से फोन लेकर कॉल किया था। परिजनों ने यह भी बताया था कि विवेक ने कहा है कि वह बोक्करखार जा रहा है। वहां उसे किसी से मुलाकात करनी है। तब से ही पुलिस को बोक्करखार के सरपंच अमित यादव पर शक था। लेकिन पुलिस के पास कोई ठोस सबूत नहीं थे।

**जंगल में मिली राख, हड्डियां, जांच में इंसान की निकलीं**

इस बीच सरपंच अमित यादव ने भी घोषणा कर दी थी कि जो कोई विवेक की जानकारी देगा, उसे वह 10 हजार रुपए का इनाम देगा। उधर पुलिस की जांच जारी रही। काफी सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर भी कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इस बीच 21 दिसंबर पुलिस को सूचना मिली कि धवईपानी से कुण्डपानी की ओर जाने वाले रास्ते पर फॉरेस्ट के पेट्रोलिंग कैम्प के अंदर पहाड़ी में कुछ राख मिली है। उसमें कुछ हड्डियां भी हैं। फिर पुलिस की एक टीम को मौके पर भेजा गया।

# झारखंड में जीनोम मशीन लेकिन नहीं हो सकता इस्तेमाल

रांची, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड में नये वैरिएंट की जांच करने वाली जीनोम मशीन के होते हुए भी जांच नहीं हो पा रही है। नये वैरिएंट के लेकर राज्य सरकार की चिंता बढ़ी है। झारखंड में अबतक सिर्फ एक कोरोना संक्रमित व्यक्ति की पहचान हुई है। ऐसे में राज्य सरकार के पास सैंपल की कमी है।

नये वैरिएट की पहचान करने वाली मशीन में कम से कम 96 सैंपल एक साथ डाले जा सकते हैं और अधिक से अधिक 284 सैंपल लेकिन झारखंड में संक्रमित व्यक्ति की संख्या एक है। ऐसे में क्या उस व्यक्ति में कोरोना के नये वैरिएंट का संक्रमण है इसकी पहचान करने में परेशानी हो रही है। राज्य सरकार ऐसी व्यस्था से निपटने की रणनीति बना रही है। झारखंड, बिहार और ओड़िशा के स्वास्थ्य विभागों के बीच सामंजस्य स्थापित हुआ। जिसमें तीनों राज्य मिलकर अपने यहां के आंकड़े मिलाकर एक जगह इसकी जांच करेंगे। तीनों राज्यों के पास जीनोम सिक्वेंसिंग मशीन है, लेकिन सैंपल की कमी है। ऐसे में जो राज्य जांच के लिए तैयार होंगे, वहां पर अन्य दो राज्यों के सैंपल भेजे जायेंगे। इसके बाद ही जांच हो सकेगी।

**तीन राज्य मिलकर करेंगे सैंपल इकट्ठा**

तीनों राज्य मिलकर किसी एक राज्य में सैंपल जमा करेंगे, इसके बाद सभी सैंपल को मिलाकर एक जगह जांच होगी जिसमें कोरोना के नये वैरिएंट का पता लगाया जा सकेगा। नये वेरिएंट की पहचान होने पर उसके हिसाब से निर्देश जारी किए जायेंगे। मशीन का एक बार उपयोग करने पर करीब तीन लाख रुपये का खर्च आता है। इसलिए कोई भी राज्य अनावश्यक खर्च करने से बच रही है। जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए न्यूनतम 96 सैंपल चाहिए. लेकिन, इतने सैंपल किसी भी पड़ोसी राज्य के पास नहीं हैं. ऐसे में हम ओड़िशा और बिहार के स्वास्थ्य विभाग से सांमजस्य स्थापित करने के प्रयास में हैं। 5 जुलाई को जीनोम मशीन की पहली रिपोर्ट आयी थी। इस रिपोर्ट में जांच के लिए 96 सैंपल दिए गए थे जिसमें 83 सैंपल का रिपोर्ट 9 जुलाई को आयी थी। इस रिपोर्ट में तीन डेल्टा वेरिएंट हैं तो वहीं 80 वेरिएंट ओमिक्रोन के थे।

# राजभवन के अफसर पर भड़के मुख्यमंत्री

## भूपेश बघेल बोले- क्या विधानसभा से बड़े हो गए विधिक सलाहकार, 3 जनवरी को निकालेंगे महारैली

रायपुर, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में अब आरक्षण का मामला आधिकारिक तौर पर राजभवन बनाम कांग्रेस का रूप लेता जा रहा है। अब राजभवन के खिलाफ खुलकर कांग्रेस पार्टी विरोध प्रदर्शन के साथ आंदोलन करने की तैयारी में हैं। अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ कि सत्ताधारी पार्टी ने ऐसा आंदोलन किया हो मगर आरक्षण संशोधन विधेयक अटका होने की वजह से ऐसे हालात बन रहे हैं।

सोमवार को कांग्रेस भवन में हुई बैठक से बाहर आकर खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एलान किया। उन्होंने राजभवन के अफसरों, विधिक सलाहकारों के प्रति साफ शब्दों में नाराजगी जाहिर की। तल्ख अंदाज में मीडिया से बात करते हुए सीएम ने पूछा कि राजभवन के विधिक सलाहकर विधानसभा से भी बड़े हो गए हैं क्या।

दरअसल आरक्षण संशोधन विधेयक 2 दिसंबर से राज्यपाल के पास हस्ताक्षर के लिए अटका



हुआ है। कुछ दिन पहले राजभवन की ओर से 10 सवाल भी सरकार से पूछे गए। इसको लेकर भी मुख्यमंत्री ने कहा- ये वैधानिक संस्थाओं को नीचा दिखाने की कोशिश हो रही है। राहुल जी भी कहते हैं कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम हो रहा है। हमारे सभी अधिकारी इस बात के विरोध में थे कि फिर से जवाब देना है। ऐसी कोई संवैधानिक व्यवस्था ही नहीं है।

सीएम ने आगे कहा- फिर भी मैंने राज्यपाल की जिद को ध्यान में रखकर प्रदेश की पौने तीन करोड़ जनता को आरक्षण का लाभ मिले ये सोचकर जवाब भेजे। राज्यपाल का इगो भी सैटिसफाई हो जाएगा। मगर अब राज्यपाल की ओर से कहा गया है कि परीक्षण करेंगे, कौन करेगा परीक्षण जो विधानसभा से बड़ा हो गया। हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट है परिक्षण के लिए, ये काम विधिक सलाहकार करेंगे ये तो दुर्भाग्य जनक है। इसलिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सभी नेताओं ने फैसला किया है कि 3 जनवरी को बड़ी रैली निकाली जाएगी।

**भाजपा ने हमेशा नफरत पैदा करने का काम किया है**

कांग्रेस की बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा- भारतीय जनता पार्टी हमेशा नफरत फैलाने का काम करती है। प्रदेश की राज्यपाल भी भाजपा के जाल में फंसी है। ये पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस का विरोध राज्यपाल के खिलाफ होगा, लखमा ने कहा कि नहीं ये प्रदर्शन भाजपा और आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ होगा। आरक्षण की जो परिस्थिति प्रदेश में बनी है उसकी जिम्मेदार भाजपा ही है। इसलिए 3 तारीख को बड़ा आंदोलन होगा। हम दिल्ली जाकर भी आंदोलन करेंगे।

# अधूरे स्काई वॉक की जांच एसीबी, ईओडब्ल्यू करेगी

## छत्तीसगढ़ सरकार का फैसला, 77 करोड़ की परियोजना में दो बार किया गया था इस्टीमेट तैयार

रायपुर, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार ने स्काई वॉक मामले की जांच एसीबी और ईओडब्ल्यू को सौंपने का फैसला किया है। 77 करोड़ की परियोजना का जान बूझकर 2 बार इस्टीमेट तैयार किया गया था। ताकि पीएफआईसी से मंजूरी की आवश्यकता न रहे। पीएफआईसी के जरिए किसी भी परियोजना के जनहित के संबंध में परीक्षण किया जाता है, जोकि स्काई वॉक निर्माण में नहीं किया गया है।

अब पूरे मामले में कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा है कि, भाजपा को नाम बदलकर भ्रष्ट जनता पार्टी नाम रख लेना चाहिए। इससे पहले भी कई बार स्काईवॉक को लेकर बीजेपी-कांग्रेस एक दूसरे पर सवाल उठा चुकी है।

विधानसभा निर्वाचन 2018 की अधिसूचना जारी रहने के दौरान ही लोक निर्माण विभाग की ओर से पुनरीक्षण प्रस्ताव तैयार कर 5 दिसम्बर 2018 को वित्त विभाग को भेजा गया, जो आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। स्पष्ट है यह कार्य विभाग के कुछ अधिकारियों और ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है।

लोक निर्माण विभाग की ओर से स्काई वॉक निर्माण की प्रथम निविदा 4 फरवरी 2017 को जारी की गई और निविदा पेश करने के



लिए मात्र 15 दिनों का समय दिया गया। 4 फरवरी तक प्रकरण में वित्त विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति भी मिली नहीं हुई थी। 15 दिनों में निविदा के लिए कोई आवश्यकता और औचित्य नहीं दर्शाया गया है, न सक्षम स्वीकृति प्राप्त की गई है।

**मूणत बोले- भूपेश जी सत्य कभी पराजित नहीं होता**

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि, साइंस कॉलेज में चौपाटी का विरोध कर रहा हूं इसलिए इस तरह की बातें हो रही है मैंने जनता से जुड़े मुद्दे उठाए, चावल घोटाले का मामला उठाया है। मैं न डरने वाला न झुकने वाला, रायपुर की जनता के हित में काम करता रहूंगा। इसके साथ ही राजेश मूणत ने कहा कि भूपेश जी, अगर आप स्काईवॉक पर वाकई निष्पक्ष नैतिक तौर पर सही हैं, तो इसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से करवाइए। याद रखिये! सत्य कभी पराजित नहीं होता।

**'जनता के पैसों का नुकसान'**

स्काईवॉक मामले में पहले भी हाई पॉवर कमेटी यह अनुशंसा कर चुकी है कि 30 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो जाने की वजह से इसे पूरी तरह गिराना जनता के पैसों का नुकसान है, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ कि इस पर क्या बनेगा? राजधानी के लोग अब इस सवाल को भी भूल चुके हैं, स्काईवॉक तोड़े जाने को लेकर भी कई बार सवाल उठ चुका है।

स्काईवाक तोड़े जाने पर पूर्व पीडब्लूडी मंत्री राजेश मूणत ने कहा था कि, कांग्रेस की सरकार आने के बाद से राजधानी में विकास कार्य ठप है। वह अपनी कमजोरियों पर परदा डालने स्काईवाक तोड़ने की बात कर रही है। मूणत ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने स्काईवॉक तोड़ने कदम उठाया तो भाजपा मैदान में कूद पड़ेगी।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा था कि जन सुविधाओं का ख्याल किये बिना सिर्फ भ्रष्टाचार की नीयत से भाजपा सरकार द्वारा स्काईवॉक बनवाया गया है। शहरवासियों और कांग्रेस सहित अनेकों राजनैतिक दलों के विरोध को दरकिनार कर राजेश मूणत ने अपनी जिद में जनता की गाढ़ी कमाई के 70 करोड़ रुपए बर्बाद कर दिए हैं।

स्काईवॉक की उपयोगिता और उसके निर्माण का निर्णय शिलान्यास के दिन से संदिग्ध रहा है। जिनके सुविधा के नाम पर बनाने का दावा राजेश मूणत कर रहे है। वही जनता उसका विरोध कर रही है।

तत्कालीन भाजपा सरकार ने जिन पैदल चलने वालों के लिए स्काईवॉक बनवाया था उन्हीं लोगों के लिए यह सबसे ज्यादा परेशानी का कारण बन गया है।

# सरकार सपा कार्यकर्ताओं पर झूठे केस लगा भेज रही जेल : अखिलेश यादव

झांसी, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। सोमवार को झांसी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तीन माह से जेल में बंद सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव से जेल में तकरीबन आधे घंटे मुलाकात की। बाहर आकर उन्होंने भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने न्याय व्यवस्था खत्म कर दी है, इस सरकार से न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती है। सपा कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे लगाकर जेल भेजा जा रहा है। अधिकारियों पर दबाव बनाकर



भाजपा सरकार ने पूर्व विधायक दीप नारायण यादव को जेल भेजने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में फर्रुखाबाद में एक लाख से अधिक बेरोजगारों ने अग्निवीर की परीक्षा दी थी, नौकरी सिर्फ 200 कोई मिल पाई है। सीमा पर चीन भारत में घुसता चला रहा है और बाजार भी उसके हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अभी मैनपुरी में मिली हार से उबर नहीं पाई है।


बता दें कि कुख्यात लेखराज सिंह यादव को पुलिस कस्टडी से छुड़ाने की कोशिश करने के आरोप में सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव पिछले तीन महीनों से जेल में बंद हैं। जेल में उनसे मिलने के लिए पहले पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 22 दिसंबर को झांसी आने वाले थे, परंतु पुलिस लाइन के हैलीपेड पर हेलिकॉप्टर उतारने की अनुमति न मिलने की वजह से उनका दौरान रद्द हो गया था।

# जमीन कब्जाने को लेकर परिजनों का हंगामा

रायबरेली, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग स्थित जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया। पीड़ित परिवार ने एक विधायक पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। लखनऊ प्रयागराज एनएच-30 के बगल में रायबरेली में रविवार को छुट्टी के दिन विवादित जमीन पर कब्जा करने को लेकर उस वक्त दहशत मच गई जब एक विवादित जमीन पर बाउंड्री वाल कराकर गेट लगा दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि मामले में जिला प्रशासन की भी मिलीभगत है। इस मामले को लेकर परिवार वालों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा। कब्जा जिला प्रशासन व कई थानों की पुलिस की मौजूदगी में हुआ।

# भाकियू अंबावता का प्रदर्शन

## बोले-किसानों पर दर्ज एफआईआर हो वापस 400 रुपये प्रति कुंतल की जाए गन्ने की भुगतान



मुजफ्फरनगर, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। भाकियू अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रषिपाल के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने सोमवार शाम कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके साथ डीएम ने पूर्व में गलत व्यवहार किया था। कार्यकर्ताओं ने बताया कि 13 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर शांतिपूर्वक धरना दिया गया था। लेकिन कार्यकर्ताओं के साथ गलत व्यवहार किया गया। जिलाध्यक्ष मो. शाहआलम ने बताया कि मुझ पर और अन्य 8 लोगों पर नामजद मुकदमा किया गया है। जबकि 200 कार्यकर्ताओं के खिलाफ अज्ञात में एफआईआर की गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमे का वापस लेने की मांग की। भाकियू अंबावता कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में कहा जिन गरीब किसानों की भूमि अधिग्रहण की गई है, उन्हें शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए। किसानों की ट्यूबवेल पर बिजली मोटर न लगाए जाए। साथ ही उन्होंने किसानों को गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग की।



# राहुल के भावनात्मक वीडियो गांव-गांव दिखाएगी कांग्रेस

## भारत जोड़ो यात्रा का असर पोलिंग बूथ तक पहुंचाने की तैयारी, प्रियंका गांधी करेंगी जयपुर में महिला मार्च

जयपुर, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में अब कांग्रेस राहुल की इस यात्रा के विस्तार की तैयारी में है। पार्टी ने राजस्थान में इसकी तैयारियां कर ली हैं। राहुल की यात्रा का असर कहीं ठंडा न पड़ जाए इसके लिए कांग्रेस अब राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के विस्तार के लिए हर गांव और पोलिंग बूथ तक पदयात्रा निकालेगी। इसे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान नाम दिया गया है। कांग्रेस का यह कार्यक्रम 26 जनवरी से शुरू होकर अगले दो महीने तक चलेगा। यह कैंपेन सभी ग्राम पंचायतों और मतदान केंद्रों पर होगा।

पीसीसी ने इस बारे में निर्देश जारी कर दिए हैं। कांग्रेस के सभी प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, निगम-बोर्ड के अध्यक्षों, विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, सांसद और विधायकों के चुनाव लड़ चुके नेताओं, एआईसीसी मेंबर्स और पीसीसी प्रतिनिधियों को टास्क दिया गया है कि वे 26 जनवरी से इस अभियान में अनिवार्य रूप से जुड़कर पदयात्रा में शामिल हों। इसके लिए 26 से 29 दिसंबर तक ब्लॉक स्तर पर मीटिंग्स करके कार्यकर्ताओं को अभियान की जानकारी देने और जिम्मेदारी तय करने के लिए कहा गया है।

**भारत जोड़ो के भावनात्मक वीडियो दिखाकर जोड़ेंगे**

कांग्रेस ने राहुल गांधी की यात्रा खत्म होने के बाद भी उसका असर बनाए रखने की रणनीति के तहत तीन स्तर पर काम करना तय किया है। पहले गांव और ब्लॉक स्तर पर, दूसरा जिला स्तर पर और तीसरा प्रदेश स्तर पर होगा। इसमें हर गांव और बूथ को कवर करते हुए 2 महीने की पदयात्रा कांग्रेसी नेता करेंगे। इसमें गांव-गांव में कांग्रेस का झंडा फहराकर शुरुआत होगी। इसके अलावा डोर-टू-डोर सम्पर्क करके मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट भी बांटी जाएगी।

लोगों को जोड़ने के लिए कांग्रेस भारत जोड़ो मोमेंट्स की भी सहायता लेगी। इसके लिए गांवों में हर दरवाजे पर भारत जोड़ो स्टिकर चिपकाने का लक्ष्य रखा गया है। हर गांव में बड़ी एलईडी स्क्रीन पर




भारत जोड़ो यात्रा के वो भावनात्मक वीडियोज दिखाए जाएंगे, जिनमें राहुल गांधी गांव के लोगों से मिलते, उनकी समस्याए सुनते दिख रहे हैं। इन वीडियो में लोग अपने प्रेम और दुख का इजहार राहुल से कर रहे हैं।

**हर गांव में बनाए जाएंगे व्हाटसएप ग्रुप**

हर गांव में व्हाटसएप ग्रुप बनाने का लक्ष्य भी रखा गया है। वहीं यात्रा के मूल संदेश के साथ राहुल गांधी का पत्र बांटा जाएगा। इसके अलावा हर जिला मुख्यालय पर सम्मेलन भी रखे जाएंगे। कांग्रेस राज्य स्तर पर इस अभियान का समापन महारैली से करेगी। इसे राष्ट्रीय स्तर के नेता सम्बोधित करेंगे। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आने की भी संभावना है। इसके अलावा भारत जोड़ो मेला लगाया जाएगा। इसमें एलईडी पर भारत जोड़ो यात्रा के खास फुटेज दिखाए जाएंगे।

**प्रियंका गांधी के नेतृत्व में जयपुर में महिला मार्च**

दो महीने के इस अभियान के तहत राज्य स्तर पर महिलाओं के बीच पकड़ मजबूत करने के लिए भी कांग्रेस अपने अभियान का विस्तार करेगी। इसकी जिम्मेदारी प्रियंका गांधी संभालेंगी। इसके लिए हर प्रदेश की राजधानी में महिला मार्च होगा। इसका नेतृत्व प्रियंका गांधी करेंगी। राजस्थान में भी जयपुर में प्रियंका गांधी के नेतृत्व में महिला मार्च निकाला जाएगा। इसके खत्म होने पर महिला घोषणा पत्र भी जारी किया जाएगा।

**फरवरी में राष्ट्रीय अधिवेशन, महत्वपूर्ण निर्णय होंगे**

कांग्रेस ने हाल ही में हाथ से हाथ जोड़ो सहित तमाम निर्णयों पर मुहर लगाई है। इसी के साथ फरवरी में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। तीन दिन के इस अधिवेशन में विभिन्न मसलों पर चर्चा होगी। साथ ही महत्वपूर्ण विषयों पर संकल्प लिए जाएंगे। वहीं इस दौरान एक बड़ी जनसभा भी होगी।

**राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ को होगा फायदा**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो और विस्तार कार्यक्रम से राजस्थान सहित उन राज्यों को फायदा होगा जहां 2023 के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहीं मार्च 2023 में कर्नाटक में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में उसे देखते हुए भी ये कार्यक्रम कांग्रेस को फायदा पहुचाएंगे। राजस्थान में यात्रा को मिले अच्छे रिस्पॉन्स के बाद पीसीसी राजस्थान इन कार्यक्रमों की तैयारियों में जुट गई है।

**बीजेपी के जनाक्रोश अभियान के काउंटर की तैयारी**

राजस्थान में बीजेपी ने अपना जनाक्रोश अभियान छेड़ा हुआ है। इसके तहत बीजेपी ने पहले सभी 200 विधानसभाओं में रथयात्रा की। उसके बाद सभी विधानसभाओं में जनसभाएं हो रही हैं। इसमें बूथ से लेकर मंडल, ब्लॉक, जिला, संभाग और प्रदेश को जोड़ने की तैयारी है। इसमें सभी नेताओं को साथ लेकर कांग्रेस सरकार की विफलता के 4 साल बताए जा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस अब बीजेपी के काउंटर के लिए यह हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत हर ब्लॉक, हर गांव, हर बूथ तक पहुंचेगी। ताकि बीजेपी ने जो माहौल गांवों में खड़ा किया है उसे काउंटर कर सके।

# कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा का बयान

## पेपर लीक होना दुर्भाग्य की बात, कानून लागू होने से रुकेगी नकल



दौसा, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा ने कहा राज्य सरकार ने अपने स्तर पर 1 लाख 35 हजार युवाओं को पोस्टिंग दे दी है और एक लाख से ज्यादा भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। जहां तक पेपर लीक होने का सवाल है तो यह हमारे लिए बड़े दुर्भाग्य की बात है। इसे रोकने के लिए पिछले विधानसभा सत्र में सरकार ने सख्त कानून बनाया था, राज्यपाल द्वारा साइन करने के बाद उस कानून को प्रदेश में लागू किया जाएगा। जिससे कि ऐसे कृत्य करने वालों को सख्त सजा मिल सके और पेपर आउट के मामलों पर मामलों पर लगाम लग सके।

अब तक कई भर्तियों के पेपर लीक होने के सवाल पर उन्होंने कहा पेपर लीक होना बहुत ही गलत बात है, इसीलिए राज्य सरकार ने विधानसभा में कानून पारित करवाया है। मैं पूरी तरह से सहमत हूं कि नकल पर रोक लगनी चाहिए, ऐसे में कानून आने के बाद इस पर प्रतिबंध लगेगा।

मंत्री ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का वर्तमान परिपेक्ष्य में बहुत ज्यादा महत्व है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार का महंगाई व बेरोजगारी की तरफ ध्यान आकर्षित करना था। इसके साथ ही समाज में धर्म व जाति के नाम पर जो भेदभाव पैदा हो रहे हैं वह मिटे, लोग सद्भावना व भाईचारे से रहे।

उन्होंने कहा देश में ऐतिहासिक यात्रा रही है और राजस्थान में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए हैं। उसके बाद लोगों की विचारधारा में परिवर्तन भी आया है कि सब मिलकर रहेंगे तो ही देश व प्रदेश का भला हो सकता है। दौसा में भी ऐतिहासिक यात्रा रही जिसमें लाखों लोग शामिल हुए। इतना जोश मैंने आम जनता में कभी नहीं देखा जितना राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में देखा गया।

# बीजेपी के प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा-

## तीन चौथाई बहुमत से सरकार बनाएंगे, वसुंधरा की बहू की तबीयत ठीक नहीं ; इसलिए कम आ रहीं

उदयपुर, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। भटेवर में जन आक्रोश सभा को संबोधित करने के बाद बीजेपी के प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह रविवार शाम को उदयपुर पहुंचे।

उदयपुर जिले के भटेवर में जन आक्रोश सभा को संबोधित करने के बाद बीजेपी के प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह रविवार शाम को उदयपुर पहुंचे। एक होटल में देर शाम को उन्होंने चितौड़गढ सांसद सीपी जोशी, देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्तसिंह चौहान समेत एक दर्जन बडे. पदाधिकारियों की बैठक ली और दक्षिणी राजस्थान में बीजेपी की जन आक्रोश यात्रा को मिले रिस्पॉस पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि उदयपुर संभाग में यात्रा को अपार समर्थन मिला हैं। शायद इतना समर्थन किसी यात्रा को मिला होगा। लोगों में बिजली, पानी, बेरोजगारी, किसान कर्ज माफी और गहलोत सरकार के खिलाफ आक्रोश हैं।



यात्रा भीड़ वाला कार्यक्रम नहीं था। यह जन भागीदारी का कार्यक्रम था। हमारा काम था, प्रत्येक गांव और पंचायत जाना और लोगों संपर्क करना। आरोप पत्रक देना और समस्या सुनना। यही इस 10 दिन की यात्रा का मकसद था। बहुत बड़ी सफलता मिली है। मुझे नहीं लगता कि इस तरह की किसी यात्रा को ऐसे समर्थन कभी मिला हो। उदयपुर संभाग में 10, 990 नुक्कड सभा और चौपाल हुई। उसके साथ ही 16 लाख 33 हजार लोगों से उदयपुर संभाग में संपर्क किया गया। 12 लाख 38 हजार पत्रक बांटे गए। 17,095 किलोमीटर उदयपुर संभाग में यात्रा निकली है। ये अपने आप में एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। इसके माध्यम से कार्यकर्ता और बहुत मेहनत की है। अब लोगों के मन में है कि गहलोत सरकार को जितनी जल्दी हो, यहां से जाना चाइए।

राजस्थान की जनता के मन में जो आक्रोश है, उसे उठाना। विकास के एजेंडे पर बीजेपी पार्टी आगे बढेगी और तीन चौथाई बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।

बीजेपी में हमेशा मंडल से लेकर जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व में युवाओं को मौका मिला है। पुराने और नए लोगों को साथ संतुलन बैठाकर साथ चला जाएगा। हमारी परंपरा रही है कि युवाओं को मौका और प्रोत्साहन देना हमारे सिस्टम का हिस्सा है।

नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया पार्टी की कोर कमेटी के मेंबर हैं। लीडर ऑफ अपोजिशन भी हैं। हमारी पार्टी के विधायक दल के नेता भी है। जो उन्होंने कहा, वो सही कहा। ये फैसला केन्द्रीय चुनाव समिति निर्णय लेती है। हर राज्य का अपना-अपना फार्मूला होता है। गुजरात राज्य का फार्मूला कोई ऐसा नहीं है कि हर राज्य में लागू किया जाए। हर राज्य में अलग-अलग परिस्थिति होती है। अलग समीकरण होते हैं। उसी के आधार पर पार्टी चुनाव लड़ती हैं।

लेकिन पूर्व सीएम वसुधंरा राजे के बहू की तबीयत ठीक नहीं है। समय-समय पर वसुंधरा जी पार्टी की बैठकों में आ रही हैं। वो कार्यक्रमों में भी भाग ले रही हैं।

# बीजेपी नेत्री प्रियंका बोली- विधायक ऑफिस भूमाफिया-गुंडो की भीड़

## विधायक मेवाराम का पलटवार- गाली देनी है तो मुझे दीजिए, जनता को नहीं

बाड़मेर, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव में 10-11 माह का समय बचा है। लेकिन इससे पहले बीजेपी-कांग्रेस नेताओं के बीच बयानबाजी शुरू हो गई है। बाड़मेर विधानसभा से विधायक मेवाराम जैन और डॉ. प्रियंका के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। जन आक्रोश जन सभा में डॉ. प्रियंका चौधरी ने विधायक पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि विधायक भूमाफिया बनकर काम कर रहे है। विधायक के घर पर जो भीड़ लगी है वो भूमाफियों, बदमाशों और गुंडों की भीड़ लगी है। जनता की भीड़ नहीं है। मेवाराम जैन ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रियंका के बयान को खुद से जोड़ते हुए कहा कि उन्होने मुझे नहीं जनता को गाली दी है। वो चाहे मुझे गाली दे, लेकिन विकास के काम की रफ्तार थमने वाली नहीं है।

दरअसल, कुछ दिन पहले गो सेवा आयोग अध्यक्ष एवं बाड़मेर





विधायक मेवाराम जैन ने मीडिया से बातचीत में बीजेपी जन आक्रोश यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जन आक्रोश यात्रा में जितनी भीड़ है उतनी भीड़ तो मेरे ऑफिस में हमेशा रहती है। शनिवार को जिला मुख्यालय पर जन आक्रोश जन सभा में भाजपा नेत्री डॉ. प्रियंका चौधरी ने जनसभा में विधायक मेवाराम जैन पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि विधायक खुद भूमाफिया बनकर काम कर रहे है। अरे साहब हमारे पास जो जनता आती है वो दुख व समस्या लेकर आती है और विधायक के घर पर भीड़ लगी है वो भूमाफियों, बदमाशों व गुडों की भीड़ लगी है। वो भीड़ दुखी जनता की नहीं है। दुखी जनता आप से हार चुकी है। विधायक के पास कोई काम के लिए जाता है, वो करेंगे भी तो उसके लिए स्वागत रखवा कर अहसान जताते है। गत दिनों लंपी बीमारी से सबसे ज्यादा मौतें बाड़मेर विधानसभा में हुई। गौहत्या सबसे बड़ा पाप है, विधायक साहब राम कथाओं से पाप आसानी से नहीं धुलेंगे। जनता के साथ विश्वासघात करने वाले ऐसे विधायक को जनता जवाब देगी।

रविवार देर शाम को विधायक मेवाराम जैन ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि प्रियंका जी ! गाली देनी है, तो मुझे दीजिए, लेकिन बाड़मेर की जनता को गाली मत दो। मेवाराम जैन ने प्रियंका के बयान पर एतराज जताया। जैन ने कहा कि बीजेपी नेत्री ने मेरे ऑफिस में हर रोज आने वाले लोगों को गुंडा एवं भूमाफिया कहकर बाड़मेर की जनता का अपमान किया है।

बयान के बाद क्षेत्र की जनता में रोष है। प्रियंका चौधरी को बाड़मेर की जनता से माफी मांगनी चाहिए। जैन ने कहा कि आप विकास कार्यो में अगर कोई कमी रही है तो हमारे से सवाल करें, हम जिम्मेदार जनप्रतिनिधि होने के नाते उसमें सुधार का प्रयास करेंगे लेकिन इस तरह जनता का अपमान मत कीजिए। उन्होंने कहा कि आपको किसी को गाली देना शोभा देता है तो दें, हम तो जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयासरत है।

# शिक्षा मंत्री और आरपीएससी अध्यक्ष को हटाने की मांग

## पेपर लीक से छात्रों में गुस्सा, कलेक्टर को सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

जालोर, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा का जीके का पेपर लीक होने को लेकर कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों ने सोमवार को प्रताप आंजना के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस मामले में ईडी से भी जांच करवाने की मांग की गई। इसके साथ ही राजस्थान के शिक्षा मंत्री और लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग की गई।



ज्ञापन में बताया कि 24 दिसम्बर 2022 शनिवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो जाने के कारण निरस्त कर दिया गया। पिछले कुछ सालों में एक दर्जन भर्ती परीक्षाओं के पेपर आउट हुए तथा इस कारण परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा। इसके साथ ही ज्ञापन में बताया कि अक्टूबर 2013 को हुई आरएएस प्री की परीक्षा, आरपीएससी द्वारा आयोजित एलडीसी भर्ती 2013, जेल प्रहरी भर्ती 2015, कॉन्टेबल भर्ती 2018, लाइब्रेरियन भर्ती 2018, जईएन सिविल भर्ती 2018, बिजली विभाग में टेक्निकल हैल्पर भर्ती 2022, कॉन्सटेबल भर्ती 2022 तथा वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2020 का पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दिया गया।

प्रताप आंजना ने कहा कि राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन का जिम्मा सम्भाल रही संस्थाए जैसे राजस्थान लोक सेवा आयोग, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पुलिस मुख्यालय और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड एक भी भर्ती परीक्षा को पारदर्शी रूप से करवाने में सफल नहीं रही और लगातार पेपर आउट होना तथा नकल माफियाओं व पेपर आउट करवाने वाले गिरोह पर प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं होना यह दर्शा रहा है की सरकार में बैठे नेताओं व अधिकारियों का उन्हे संरक्षण प्राप्त है। नौकरी की आस में कई सालों की तैयारी, कोचिंग और उसके लिए शहरों में जाकर लाखों रुपए खर्च करने वाले मेहनतकश अभ्यर्थियों के सपनों पर कुठाराघात हो रहा है और नकल माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा लाया गया नया कानून भी बेअसर नजर आ रहा है।

# नाबालिग से गैंगरेप के दोषी को 20 वर्ष कारावास

## घर से जबरन ले जाकर किया था दुष्कर्म, 1.20 लाख का लगाया जुर्माना

करौली, 26 दिसंबर (एजेंसियां)।नाबालिग से गैंगरेप के आरोपी को पोक्सो कोर्ट ने 20 साल की जेल की सजा और 1 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। नाबालिग से गैंगरेप के दोषी को पोक्सो कोर्ट विशिष्ट न्यायाधीश अलका बंसल ने 20 साल कारावास और 1 लाख 20 हजार रुपए के आर्थिक जुर्माने से दंडित किया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट में 12 गवाह और 26 दस्तावेज प्रदर्श कराए गए।

पोक्सो विशिष्ठ लोक अभियोजक महेंद्र मुद्गल ने बताया कि विशिष्ट न्यायाधीश अलका बंसल ने आरोपी रामकुमेर ऊर्फ कुमेर पुत्र हरिपाल मीना निवासी राहिर थाना करणपुर को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और कुल 1 लाख 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। पोक्सो कोर्ट विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र कुमार मुद्गल ने बताया कि पीड़िता अपनी बुआ की लड़की की शादी में गई हुई थी। इस दौरान 23 जुलाई 2022 को आरोपी रामकुमेर ऊर्फ कुमेर व अन्य पीड़िता को जबरदस्ती अपनी बाइक पर बिठाकर ले गए।

आरोपियों ने थोड़ी दूरी पर स्थित घाटी में ले जाकर पीड़िता को बारी-बारी से हवस का शिकार बनाया। इस दौरान कई बार पीड़िता से दुष्कर्म किया।

उसके बाद रात करीब 12 बजे पीड़िता को उसकी बुआ के घर के पास छोड़कर भाग गए। मामले में सपोटरा थाना में एफआईआर दर्ज करवाई गई। 27 जनवरी 2022 को आरोपी रामकुमेर ऊर्फ कुमेर के विरुद्ध चालान पेश किया और 24 मई को अभियुक्त धर्मसिंह के विरुद्ध तितंबा चालान पेश किया गया। आरोपी मोहनराज के विरुद्ध अनुसंधान लंबित चल रहा है। मामले में सुनवाई के दौरान कुल 12 गवाह और 26 दस्तावेज पेश किए गए।

# नग्गी के शहीदों को किया याद पाकिस्तान को दिया था

## भारतीय सेना ने करारा जवाब, अब भी मानते हैं नग्गी डे

श्रीगंगानगर, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। वर्ष 1971 के भारत पाक युद्ध में भारतीय सेना की जीत में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले नग्गी के बैटल ऑफ सैंड ड्यून्स के शहीदों को सोमवार को जिले के श्रीकरणपुर कस्बे में याद किया गया। इस युद्ध में भारतीय सेना के चार अधिकारी और 21 जवान शहीद हुए थे।



इन्हीं जवानों को याद करते हुए भारतीय सेना ने सोमवार को श्रीकरणपुर में विक्ट्री रैली निकाली।

**देशभक्ति का जज्बा उमड़ा**

रैली कंस्बे की श्मशान भूमि स्वर्गाश्रम से निकाली गई जो मुख्य मार्गों से होते हुए गवर्नमेंट सीनियर सैकंडरी स्कूल पहुंची। जहां शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कर्नल हर्षदीप गहलोत, लेफ्टिनेंट कर्नल अमन नैण ने शहीदों को याद करते हुए अमर जवान ज्योति के प्रतीक पर पुष्प चक्र अर्पित किए। वहीं स्कूल कैंपस में शहीदों को याद करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। नग्गी में हुए इस युद्ध को बैटल ऑफ सैंड ड्यून्स के नाम से जाना जाता है। गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हुए कार्यक्रम के दौरान ब्रिगेडियर एसपीएस रावत भी मौजूद रहे।

**क्या है बैटल ऑफ सैंड ड्यून्स**


यह युद्ध जिले के श्रीकरणपुर से सटे नग्गी बॉर्डर पर लड़ा गया। जहां यह युद्ध लड़ा गया वह रेतीला इलाका है। युद्ध समाप्त होने के दस दिन बाद जब सबकुछ शांत हो चुका था। 28 दिसम्बर 1971 को पाक सैनिकों ने एक बार फिर आक्रमण कर दिया।

इस बार भारतीय सेना का अधिकांश हिस्सा युद्ध समाप्त होने के कारण पीछे हट चुका था। कुछ सैनिक ही मोर्चे पर डटे थे। भारतीय सैन्य अधिकारियों और सैनिकों ने पूरी ताकत के साथ दुश्मन के इस हमले का जबाव दिया और पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस युद्ध में शहीद हुए 21 जवाना और चार अधिकारियों की याद में आज भी बॉर्डर पर नग्गी दिवस मनाया जाता है।

# सरकार के खिलाफ पानी में प्रदर्शन: पेपर लीक मामले में बीजेपी का जल सत्याग्रह, चंबल में खड़े होकर की नारेबाजी

कोटा, 26 दिसंबर (एजेंसियां)। सेकेंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामला सामने आने के बाद सरकार के खिलाफ आंदोलन हो रहे हैं। कोटा चंबल नदी में बीजेपी ने जल सत्याग्रह शुरू किया है। किसान मोर्चा ,कोटा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुरेश सुवालका सहित बीजेपी कार्यकर्ता चंबल नदी में सर्दी के बीच अर्धनग्न होकर जल सत्याग्रह करने पहुंच गए। सोमवार को भितरिया कुंड घाट पर चंबल नदी में उतर कर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि अभ्यर्थी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करता है। लाखों रुपए और अपना समय तैयारी में लगाता है



और जब पेपर होता है तो पता चलता है कि पेपर आउट हो गया है। इससे अभ्यर्थियों की मेहनत और पैसा दोनों बर्बाद होता है। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मांग की कि सेकेंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा करवा रही है वह पूरी निरस्त हो। मामले की सीबीआई जांच हो। जो भी पेपर लीक मामले में दोषी है उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार पेपर लीक होने से रोक नहीं पा रही। लाखों अभ्यर्थी परेशान हो रहे हैं। जो भी परीक्षा हो रही है उसके पेपर लीक हो रहे हैं और बार-बार पेपर निरस्त किए जा रहे हैं। इससे अभ्यर्थियों का मनोबल टूटता है और राजस्थान का युवा आक्रोशित हो रहा है।

# आईसीएआर व नार्म निदेशक डॉ. सीएच श्रीनिवास राव को प्रतिष्ठित आईएनएसए फेलोशिप

हैदराबाद, 26 दिसंबर(स्वतंत्र वार्ता)। आईसीएआर व नार्म निदेशक डॉ. सीएच श्रीनिवास राव को प्रतिष्ठित आईएनएसए फेलोशिप प्राप्त हुआ हैं। हैदराबाद स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान में आईएनएसए की 88वीं वर्षगांठ की आम बैठक आयोजित हुई। जिसमें नार्म निदेशक डा. श्रीनिवासराव के कृषि विज्ञान में बेहतर कृषि सुनिश्चित करने के लिए जिला, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन और आकस्मिक योजनाओं के दृष्टिकोण के अनुकूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में 14-16 दिसंबर, 2022 के दौरान क्षेत्रीय केंद्र, विशाखापत्तनम में



तत्संबंधित आम बैठक आयोजित की गयी। जिसमें डॉ. चेरुकमल्ली श्रीनिवास राव, निदेशक, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी (आईसीएआर-नार्म), हैदराबाद ने प्रतिष्ठित आईएनएसए (भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी) फैलोशिप प्राप्त की तथा उन्हें अर्थात डॉ. चेरुकमल्ली श्रीनिवास राव को आईएनएसए अध्यक्ष से यह प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त हुआ।

इस मामले में संबंधित अधिकारियों ने बताया कि, प्रतिष्ठित आईएनएसए फैलोशिप प्राप्त डॉ. चेरुकमल्ली श्रीनिवास राव जो, गत में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए आईसीएआर के रफी अहमद किदवई पुरस्कार सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों के प्राप्त कर चुके हैं। वह अंतर्राष्ट्रीय शुष्क भूमि विकास आयोग (आयडीडीसी), मिस्र, काहिरा के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य और कृषि के लिए एशियाई दीर्घकालिक प्रायोगिक नेटवर्क (एल्टेना), जापान के सदस्य भी हैं। इस बैठक में संबंधित अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## जनसेना के साथ गठबंधन पर जीवीएल नरसिम्हा राव ने दी सफाई

हैदराबाद, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने कहा कि किसी को भी जन सेना पार्टी और भाजपा के बीच गठबंधन पर सवाल उठाने की जरूरत नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर भाजपा और जन सेना के नेताओं ने संयुक्त रूप से मुलाकात की। जीवीएल ने कहा कि हम राज्य सरकार की गलतियों को उठाकर राज्य के नागरिकों की चिंताओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। एमपी जीवीएल के अनुसार, वाजपेयी जी को देश के प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास के लिए श्रेय दिया जाना चाहिए। सभा में सोमवीर राजू सहित भाजपा और जनसेना के कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

# आईसीएआर-क्रीडा में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह आयोजित

हैदराबाद, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईसीएआर-क्रीडा में बारानी कृषि पारिस्थितिकी तंत्र की पुनर्कल्पना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस संदर्भ में, संबंधित अधिकारियों ने बताया कि, आईसीएआर-सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर ड्राईलैंड एग्रीकल्चर, हैदराबाद ने इंडियन सोसाइटी ऑफ ड्राईलैंड एग्रीकल्चर के सहयोग से 24 दिसंबर को आईसीएआर सीआरआईडीए, हैदराबाद में रेनफेड एग्रो-इकोसिस्टम की पुनर्कल्पना: चुनौतियां व अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह आयोजित किया। इस सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न देशों के किसानों, एनजीओ अधिकारियों, विभिन्न कृषि आदानों से जुड़े निजी क्षेत्र के अधिकारियों ने भाग लिया। इस समारोह कार्यक्रम में सबसे पहले प्रधान वैज्ञानिक और सम्मेलन आयोजन सचिव डॉ के वी राव ने सभी प्रतिनिधियों और विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। जिसमें आईसीएआर-क्रीडा डॉ. वी.के. सिंह, निदेशक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और जिसमें तत्संबंधित 3 दिनों के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। सम्मानित अतिथि एडीजी (कृषि विज्ञान) डॉ. एस. भास्कर, ने सम्मेलन के सफल संचालन के लिए सीआरआईडीए को बधाई दी। एएसआरबी, नई दिल्ली के सदस्य डॉ. बी.एस. द्विवेदी, ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने में आईसीएआर-क्रीडा के प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम के दौरान तत्संबंधित योग्य व्यक्तियों को सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार प्रदान किए गए।



## गांधी प्रतिमा के पास महिला ने दिया बच्चें को जन्म

**सरकारी अस्पताल पर भरती न करने का आरोप**

हैदराबाद, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहरी सीमा से सटे इलाके जडचेर्ला में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि एक गर्भवती महिला को सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ द्वारा प्रवेश से लेने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद सड़क पर एक बच्ची को जन्म देने के लिए मजबूर होना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, एक गर्भवती महिला पिछले दो दिनों से जडचेर्ला सरकारी अस्पताल में इलाज कराने आई थी, लेकिन बताया जा रहा है कि डॉक्टरों और कर्मचारियों ने उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया।

रविवार की रात महिला ने सड़क पर गांधी प्रतिमा के पास शरण ली और प्रसव पीड़ा होने पर उसने एक बच्ची को जन्म दिया। कुछ स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे दूसरे सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। स्थानीय लोग अधिकारियों से अस्पताल कर्मियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म-दिवस पर राष्ट्रीय एकता कवि सम्मेलन आयोजित

हैदराबाद, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न, कविवर अटल बिहारी वाजपेयी के 98 वें जन्मदिवस पर जी. राजेंद्र कुमार द्वारा स्थापित 43 वें राष्ट्रीय एकता कवि सम्मेलन का आयोजन नगरद्वय के कवियो की लोकप्रिय काव्य संस्था गीत चाँदनी के तत्वावधान में गोशामहल स्थित हज़ारी भवन, हैदराबाद में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। गीत चाँदनी के अध्यक्ष वरिष्ठ गीतकार चंपालाल बैद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और गीत चाँदनी के कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन का भार सँभाला। कवि सम्मेलन में कविवर अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया और उनकी चुनी हुई कविताओं का पाठ किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी व गोलकोण्डा ज़िला भाजपा महामंत्री श्री रघुनंदन यादव, गोशामहल के पार्षद लाल सिंह, गोलकोण्डा ज़िला के भाजपा उपाध्यक्ष वी गोपाल, गोलकोण्डा ज़िला की महिला मोर्चा अध्यक्षा श्रीमती नित्या पारीख आदि ने बतौर मुख्य



अतिथि, विशिष्ट अतिथि और विशेष अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता सुधा ठाकुर ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की देश के लिए की गयी सेवाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि वह वास्तव में एक महान मानव थे जिनकी कविताओं में राष्ट्रीय एकता और विश्व बंधुत्व की भावना दिखाई देती है। विशेष अतिथि गोशामहल पार्षद लाल सिंह ने कहा कि गीत चाँदनी के कवि सम्मेलन इसी तरह चलते रहे। विशेष अतिथि नित्या पारीख ने कहा कि अटल जी के बारे में बताना सूरज को दीप दिखाने के समान है। सम्माननीय अतिथि वी. गोपाल ने कहा कि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ हमारे दो युद्ध हो चुके हैं और आज तक भी संबंधों में दरार है परंतु, पाकिस्तान में भी अटल बिहारी वाजपेयी की कविताएँ लोकप्रिय हैं। विशिष्ट अतिथि व नगर की महिला भाजपा अध्यक्ष काजल कुशवाहा ने कविवर अटल बिहारी वाजपेयी की सेवाओं का स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रघुनंदन यादव ने कहा कि हम युवा काल से ही अटल जी के साथ सहयोग करते थे। अध्यक्षीय वक्तव्य में गीत चाँदनी के अध्यक्ष व वरिष्ठ गीतकार चंपालाल बैद वर्मा ने कहा कि कविवर अटल बिहारी वाजपेयी भारत माता के सच्चे सपूत थे। इस अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता कवि सम्मेलन में कवियों ने देश की वर्तमान परिस्थितियों तथा अनेक समस्याओं पर अपने गीत, ग़ज़ल, मुक्तक, नयी कविताओं के पाठ के साथ-साथ हास्य-व्यंग्य की कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को जहाँ सोचने पर मजबूर किया वहीं ख़ूब हँसाया भी। कविता पाठ करने वाले कवियों में दुर्गाराज पटून, रेणु अग्रवाल, जाहेद हरियाणवी, पवन जैन, विनोद अनोखा, विजय लक्ष्मी बस्वा, सुधा ठाकुर, बासित अली रईस, संतोष रज़ा, चंपालाल बैद, दीपक चिंडालिया वाल्मीकि, अनिल कुमार गुप्ता, रत्नकला मिश्र, गोविंद अक्षय, दर्शन सिंह आदि कवियों ने काव्य पाठ किया। सभी अतिथियों और कवियों के साथ-साथ ठाकुर प्रभात सिंह, शौरीष, गोपाल अग्रवाल आदि को कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जी. अश्विन कुमार और मिनाक्षी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अंत में कवयित्री व संयोजिका रत्नकला मिश्र सभी के प्रति धन्यवाद प्रस्तुत किया।

# प्रवासी और गरीबों के लिए न्याय व रोजगार दोनों दुर्लभ : बिनय



हैदराबाद, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी (सेवानिवृत्त आई.पी.एस) बिनय कुमार सिंह ने कहा कि गरीबों के लिए कमजोरों के लिए साधन हीनों के लिए एवं प्रवासियों के लिए प्रजातंत्र धीरे-धीरे बेमानी होते जा रहा हैं। सरकारें केवल चुनाव जीतने के लिए उन वर्गों के लिए काम करती हैं जो मजबूत हैं साधन युक्त हैं और चुनाव जिता सकते हैं। प्रवासी और गरीबों के लिए न्याय एवं रोजगार दोनों दुर्लभ होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार की योजनाएं किसी भी गरीब या किसी भी राज्य से आए श्रमिक या छोटे कारीगरों या दुकानदारों के लिए नहीं बनती। हर जाति, हर धर्म और हर प्रवासी वर्गों में कुछ स्वार्थी तथा दूसरे तत्व उस जाति धर्म के ठेकेदार बनकर धनी, राजनेताओं, व्यापारियों के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। इसलिए इन वर्गों का खासकर गरीबों का, प्रवासियों का राजनीति में, चुनाव में कोई भागीदारी नहीं है। राजनीति आज पैसे एवं बल का खेल हो गया है। बुद्धिजीवी वर्ग को एकजुट होकर इन वर्गों को खासकर गरीबों एवं प्रवासियों को जगाना होगा तभी राज्य का विकास होगा अन्यथा खोखले वादों के झुनझुने ही हमको सुनाई देंगे। उन्होंने दावा किया कि मैं इस दिशा में प्रयास कर रहा हूँ। तेलंगाना के गरीबों को और प्रवासियों को जगा कर उनको न्याय एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन दिलाना मेरा प्रथम कदम होगा।

# अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की बैठक आयोजित

हैदराबाद, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की कार्यकारिणी की बैठक भूतपूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र बजाज के निवास स्थान पर आयोजित की गई। सभी सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन जी की पूजा व सामूहिक प्रार्थना में भाग लिया। शाखा अध्यक्ष लाजपत राय गुप्ता ने उपस्थित का स्वागत किया तथा मानद मंत्री पंकज संघी ने गत बैठक की कार्यवाही को स्वीकृत करवाया। सभी सदस्यों ने गत माह में आयोजित अन्नकूट प्रसाद व साधारण सभा, मासिक अन्ना प्रसाद तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रमों की सफलता के लिए संयोजक मंडल व युवा मोर्चा की सराहना की।



युवा मोर्चा के संयोजक नितेश अग्रवाल ने 7 जनवरी को करमन घाट में बॉक्स क्रिकेट तथा 1 फरवरी को काचीगुड़ा स्थित श्री श्याम मंदिर मैं श्याम भजन संध्या के आयोजन की जानकारी देते हुए सभी से भाग लेने का आग्रह किया। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान मंदिर मलकपेट से निकाले जाने वाली श्याम निशान शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों के आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य महावीर प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश गोयल, संयुक्त मंत्री सुरेश गोयल, चंद्र मोहन अग्रवाल, हरिश्चंद्र बजाज, सतीश बंसल, सुनील रुंगटा, अशोक कुमार अग्रवाल, प्रदीप बंसल, श्याम लाल गोयल, अनूप कुमार अग्रवाल तथा युवा मोर्चा के संयोजक नितेश अग्रवाल उपस्थित थे। संयुक्त मंत्री सुरेश गोयल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हरियाणा के राज्यपाल ने शोक जताया



हैदराबाद, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तिलक प्रसाद सक्सेना से के काचीगुड़ा आवास पर शोक जताने पहुंच गए। श्री सक्सेना की पत्नी का निधन हो गया था। तिलक प्रसाद सक्सेना आरएसएस के सदस्य हैं और उनकी पत्नी सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक थीं। राज्यपाल ने परिवार के सदस्यों धीरज सक्सेना, सपना सक्सेना, संदेश श्रीवास्तव, मेघा श्रीवास्तव को सांत्वना दी। इस मौके पर काचीगुड़ा कॉरपोरेटर उमा रमेश यादव, बीजेपी नेता रमेश यादव, बीजेपी अध्यक्ष गौतम, बीजेपी नेता दिनेश गोसर समेत अन्य मौजूद रहे।

## शून्य जुताई की खेती का विकल्प चुन रहे हैं किसान

हैदराबाद, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। किसान खेती से अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए शून्य जुताई का विकल्प चुन रहे है। पूर्ववर्ती मेडक जिले के कुछ उत्साही कृषि अधिकारी किसानों को इस वर्ष यासंगी मौसम के दौरान शून्य जुताई की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। जिन किसानों ने वनकलम के दौरान धान की खेती की थी, उन्हें बिना जुताई के मक्का या ज्वार या सूरजमुखी की बुआई करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों में से एक, रेड्डी लक्ष्मण ने पिछले साल संगारेड्डी के कांगित मंडल के थडकल गांव में दो एकड़ में मक्का बोकर अच्छी उपज प्राप्त की थी।



**क्षत्रिय राजपूत ट्रस्ट बोर्ड एवं बोंदिली ट्रस्ट बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में डॉयरेक्टर बीसी बोंदिली वेलफेयर डेवलपमेंट कॉपोरेशन रजनी रासपुत्रा का आंध्र प्रदेश के नगरामन पर ट्रस्टी बोंदिली ट्रस्ट बोर्ड तेलंगाना ठाकुर रंजीत सिंह ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर ठाकुर सुखराज सिंह, वाइस चेयरमैन व ट्रस्टी रघुनंदन सिंह पटेल, ठाकुर गजेंदर सिंह चौहान, चरन सिंह आदि उपस्थित रहे।**



**नारायणगुडा में योग दिवस अवसर पर मेलकोटी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में वॉकर एसोसिएशन के अध्यक्ष नागभूषणम का सम्मान करते हुए लक्ष्मी नरसिम्हा भारद्वाज, रविंदर, रमेश, रवि, प्रवीण, राजकुमार व अन्य।**



**एसएसके समाज, रहीमपुरा, हैदराबाद तेलंगाना के नए वर्ष 2023 के कलेंडर का अनावरण करते हुए एसएसके समाज के अध्यक्ष एन. लक्ष्मी नरायन, महामंत्री के. शंकर राव, कोषाध्यक्ष शिवरतन, बीआरएस पार्टी के वरिष्ठ नेता एच. कुमार, सुरेश, बलराम, महादेव, राजकुमारी व अन्य।**

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## 80 करोड़ को ...

**मुफ्त राशन पाने वालों पर बना रही फिल्म :** भाजपा मुख्यालय में चुनावी तैयारियों की समीक्षा में यह तय किया गया कि पार्टी मंडल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक फ्री राशन योजना के लाभार्थियों तक पहुंचे। साथ ही सभाओं, गोष्ठियों और परिचर्चा में फ्री राशन की बात रखें। पार्टी लाभार्थियों को लेकर विज्ञापन फिल्म बना रही है। इसका उपयोग हर विधानसभा में चुनाव प्रचार में होगा। प्रचार के लिए विशेष वाहन तैयार होंगे जो हर विधान सभा क्षेत्र से गुजरेंगे।

जनवरी में होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में फ्री राशन को राजनीतिक/ आर्थिक प्रस्ताव में मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में शामिल किया जाएगा। भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा कि प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मुफ्त देने का फैसला बताता है कि मोदी सरकार गरीबों को लेकर संवेदनशील है।

केंद्रीय कैबिनेट ने गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना दिसंबर 2023 तक और बढ़ा दी गई है। इस पर करीब 2 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत अभी 81.35 करोड़ लोगों को राशन दिया जा रहा है। मार्च 2020 से लागू योजना को 7 चरणों में बढ़ाया जा चुका है। इसके पहले सितंबर में इसे तीन महीने बढ़ाया गया था।

## लोन फ्रॉड केस ...

एनपीए घोषित होने से बैंक को घाटा हुआ।

**वकील ने पूछा था धूत को अरेस्ट क्यों नहीं किया ?**

चंदा कोचर के वकील ने शनिवार को कोर्ट में कहा था कि चंदा ऐसी किसी भी कंपनी में डायरेक्टर या स्टेकहोल्डर नहीं थीं, जिसे लोन दिए गए थे।

यह बयान ईडी को स्वीकार्य था और ईडी ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया, लेकिन सीबीआई इस बयान से संतुष्ट नहीं हुई और गिरफ्तारी की गई। वकील ने कहा था कि इन लोन्स के लाभार्थी वीएन धूत हैं। उन्होंने सवाल किया, अगर सीबीआई को लगता है कि फ्रॉड हुआ तो कोचर को ही क्यों गिरफ्तार किया गया, लाभार्थी को क्यों नहीं।

**2016 में शुरू हुई थी मामले की जांच :** इस मामले की जांच 2016 में शुरू हुई थी जब दोनों फर्मों, वीडियोकॉन ग्रुप और आईसीआईसीआई बैंक में एक निवेशक अरविंद गुप्ता ने लोन अनियमितताओं के बारे में चिंता जताई थी। गुप्ता ने आरबीआई और यहां तक कि प्रधानमंत्री को इस बारे में लिखा था, लेकिन उनकी शिकायत पर उस समय कोई ध्यान नहीं दिया गया। मार्च 2018 में एक अन्य व्हिसल-ब्लोअर ने शिकायत की।

**24 जनवरी 2019 को एफआईआर :** टॉप मैनेजमेंट के खिलाफ की गई शिकायत के बाद कई एजेंसियों का ध्यान इस ओर गया। हालांकि, उसी महीने बैंक ने बयान जारी कर कहा कि उन्हें चंदा कोचर पर पूरा भरोसा है। वीडियोकॉन ग्रुप के लोन पास करने में चंदा की कथित भूमिका की जांच के बाद यह बयान दिया गया था। एजेंसियां अपनी जांच करती रहीं और बैंक पर बढ़ रहे प्रेशर के बाद उसने भी जांच शुरू की। इसके बाद सीबीआई ने 24 जनवरी 2019 को एफआईआर दर्ज की।

**चंदा, दीपक, धूत समेत 4 कंपनियों का नाम :** सीबीआई ने लोन फ्रॉड मामले में चंदा कोचर, दीपक कोचर और वीडियोकॉन ग्रुप के वेणुगोपाल धूत के साथ-साथ नूपावर रिन्यूएबल्स, सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आईपीसी की क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी, चीटिंग और करप्शन से जुड़ी धाराओं के तहत रजिस्टर्ड एफआईआर में आरोपी बनाया था।

**2020 में ईडी ने किया था अरेस्ट :** जनवरी 2020 में प्रवर्तन निदेशालय ने कोचर परिवार की 78 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की थी। इस के बाद एजेंसी ने कई दौर की पूछताछ के बाद दीपक कोचर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था।

**2015 में भारत के 61वें अमीर थे धूत :** 71 साल के वेणुगोपाल धूत का जन्म मुंबई में हुआ था। इनकी पहचान भारतीय बिजनेसमैन की है। फोर्ब्स के अनुसार, 2015 में उनकी संपत्ति 1.19 बिलियन डॉलर थी और तब वे भारत के 61वें और दुनिया के 1190वें सबसे अमीर आदमी थे। वीडियोकॉन के फाउंडर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में उन्होंने काम किया था।

# वाईएसआरसीपी व टीडीपी भिड़ंत के बाद गुडिवाड़ा में तनाव

## *रैलियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए निषेधाज्ञा लागू*

विजयवाड़ा, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के गुडिवाड़ा शहर में सोमवार को तनाव व्याप्त हो गया क्योंकि सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी और विपक्षी टीडीपी ने कांग्रेस के पूर्व विधायक वंगवीती मोहन रंगा राव की पुण्यतिथि मनाने के लिए अलग-अलग कार्यक्रमों की योजना बनाई है।

पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत सभाओं और रैलियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कस्बे में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के कार्यकर्ताओं के बीच रविवार रात से ही तनाव की स्थिति है। तेदेपा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी नेता मेरुगुमाला काली ने तेदेपा के पूर्व विधायक रवि वेंकटेश्वर राव को फोन किया और रंगा की 24 वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसकी जानकारी होने पर तेदेपा के कार्यकर्ता सत्ताधारी पार्टी के नेता के आवास पर गए। पूर्व मंत्री और वाईएसआरसीपी विधायक कोडाली नानी और टीडीपी नेता रवि के समर्थकों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। इसको लेकर दोनों गुटों में तीखी नोकझोंक हुई। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस ने हस्तक्षेप किया। विपक्षी दल के नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने धमकी और हिंसा का सहारा लेने वाले वाईएसआरसीपी के लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने किसी भी सभा को रोकने के लिए टीडीपी कार्यालय के चारों ओर बैरिकेड्स लगा दिए और कर्मियों को तैनात कर दिया। तेदेपा नेताओं ने कस्बे के एजीके स्कूल में रंगा की प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दूसरी तरफ, वाईएसआरसीपी के कार्यकर्ता दूसरी जगह इकट्ठा हो रहे थे और कार्यक्रम को बाधित करने की धमकी दे रहे थे। सत्ता पक्ष के नेताओं का कहना है कि टीडीपी को रंगा की पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित करने का कोई अधिकार नहीं है। इस बीच, जन सेना पार्टी (जेएसपी) के नेताओं ने भी रंगा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस पार्टी के एक नेता और कापू समुदाय से संबंधित रंगा की 1988 में हत्या कर दी गई थी जब वह भूख हड़ताल पर थे, जिससे विजयवाड़ा और कृष्णा जिले के अन्य हिस्सों के साथ-साथ पड़ोसी जिलों में अभूतपूर्व हिंसा भड़क उठी थी। 40 से अधिक लोग मारे गए थे और 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ था। आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एन.टी. रामा राव ने अपने टीडीपी विधायक देवीनेनी 'नेहरू' राजशेखर को सरेंडर करा दिया। तत्कालीन गृह मंत्री कोडेला शिवप्रसाद राव को भी इस्तीफा देना पड़ा था। 2016 में, विवादास्पद फिल्म निर्माता रामगोपाल वर्मा ने दो प्रमुख जातियों और प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों से संबंधित वांगवीती और नेहरू के परिवारों के बीच झगड़े पर आधारित एक फिल्म 'वंगावीती' बनाई थी। रंगा के बेटे वांगवीती राधाकृष्ण 2012 में वाईएसआरसीपी में शामिल हुए थे, लेकिन 2019 में विजयवाड़ा केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से टिकट से वंचित होने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। बाद में वह टीडीपी में शामिल हो गए।

## दस दिन में आठ लाख श्रद्धालुओं को दर्शन कराने की व्यवस्था

तिरुमाला, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीटीडी ईओ (एफएसी) अनिल कुमार सिंघल ने कहा कि अधिक संख्या में भक्तों को वैकुंठ द्वार दर्शन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से, टीटीडी बोर्ड ने वैकुंठ द्वार दर्शन को दस दिनों के लिए खोलने का संकल्प लिया है। सोमवार को तिरुमाला में वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए चल रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद, श्री सिंघल ने कहा, पहले चूंकि वैकुंठ द्वार दर्शन केवल वैकुंठ एकादशी और द्वादशी पर होता था, टीटीडी केवल सीमित संख्या में तीर्थयात्रियों को द्वार दर्शन प्रदान करने में सक्षम था। दिन, हालांकि हजारों श्रद्धालु 30 घंटे से अधिक समय तक प्रतीक्षा में फंसे रहते हैं। लेकिन टीटीडी बोर्ड द्वारा दस दिनों के लिए वैकुंठ द्वारम खोलने के इस तीर्थयात्री अनुकूल निर्णय के साथ, अब हम लगभग 80 हजार भक्तों को प्रत्येक दिन दर्शन प्रदान कर सकते हैं।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रपति मुर्मू का स्वागत



हैदराबाद, 26 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन व मुख्यमंत्री केसीआर ने हैदराबाद पहुंचने पर स्वागत किया। राष्ट्रपति दक्षिण राज्यों की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के लिए सोमवार शाम हाकिमपेट हवाई अड्डे पर पहुंचीं। वे शीतकालीन अवकाश के लिए सोमवार को शाम 5 बजे हैदराबाद के हाकिमपेट वायु सेना स्टेशन पहुंची। पहली बार राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद तेलंगाना आई राष्ट्रपति मुर्मू को सीएम केसीआर ने फूलों का गुलदस्ता देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सीएम केसीआर ने मंत्रियों, सांसदों, एमएलसी, विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का नाम लेकर राष्ट्रपति से परिचय कराया।

सीएम केसीआर के अलावा, विधान परिषद के सभापति गुट्टा सुखेंद्र रेड्डी, विधानसभा अध्यक्ष पोखराम श्रीनिवास रेड्डी, मंत्री के. टी. रामाराव, टी. हरीश राव, महमूद अली, तलसानी श्रीनिवास यादव, वेमुला प्रशांत रेड्डी, सबिता इंद्रा रेड्डी, जी. जगदीश रेड्डी, एस. निरंजन रेड्डी, इंद्रकरण रेड्डी, वी. श्रीनिवास गौड, कोप्पुला ईश्वर, सीएच मल्लारेड्डी, एराबेली दयाकर राव, सत्यवती राठौड़, गंगुला कमलाकर, पुव्वाड़ा अजय कुमार, राज्यसभा में बीआरएस पार्टी के नेता के. केशव राव, लोकसभा में बीआरएस पार्टी के नेता नामा नागेश्वर राव, सांसद, एमएलसी, विधायक, महापौर गदवला विजयलक्ष्मी, सीएस सोमेश कुमार डीजीपी महेंद्र रेड्डी, विभिन्न निगमों के अध्यक्ष, जिला परिषद के अध्यक्ष और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया। हकीमपेट वायु सेना स्टेशन राज्य सरकार के सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रपति के गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति ने आंध्रप्रदेश में स्थिति श्रीशैलम मल्लिकार्जुन स्वामी का दर्शन किया।

## सिटी में दो मेफेड्रोन निर्माण प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़

हैदराबाद, 26 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। खुफिया राजस्व निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने यहां दो गुप्त मेफेड्रोन निर्माण प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया और मास्टरमाइंड और फाइनेंसर को पकड़कर पूरे नेटवर्क को बेअसर कर दिया। डीआरआई के अधिकारियों ने तैयार रूप में 24.885 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया, जिसकी कीमत ग्रे मार्केट में 49.7 करोड़ रुपये है। साथ ही इन-प्रोसेस सामग्री, 18.90 लाख रुपये की बिक्री आय, मुख्य कच्चा माल, मशीनरी और तस्करी के लिए इस्तेमाल वाहन है। विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई ने 21 दिसंबर को एक तेज और सुसंगठित अभियान शुरू किया और दो गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया। इन दो स्थानों पर निर्माण करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। तत्काल अनुवर्ती कार्रवाई में, गतिविधि के मास्टरमाइंड और मुख्य वित्तपोषक को गोरखपुर में गिरफ्तार कर लिया गया, क्योंकि वह 60 लाख रुपये की नकदी के साथ नेपाल भागने का प्रयास कर रहा था।

## राज्य सरकारों पर हमला कर रहे राज्यपाल कानून में बदलाव की जरूरत : नागेश्वर

हैदराबाद, 26 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व एमएलसी प्रो. के. नागेश्वर ने आज आरोप लगाया कि देश में भारतीय संविधान पर हमला हो रहा है। उन्होंने हिंदी को पूरे देश में अनिवार्य भाषा बनाने के केंद्र सरकार के निर्देशों की निंदा की।

उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार केंद्र सरकार का कार्यकाल समाप्त कर केंद्र सरकार बनाए। प्रो नागेश्वर ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार उन विषयों पर कानून बना रही है, जो भारतीय संविधान की राज्य सूची के तहत हैं, और उन्हें देश के सभी राज्यों पर जबरदस्ती थोप रही है। राज्यपाल की व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए प्रो. नागेश्वर ने कहा कि व्यवस्था के पास न तो शक्तियां हैं और न ही जिम्मेदारियां। राज्यपाल तमिलिसाई सौदरराजन पर निशाना साधते हुए नागेश्वर ने आरोप लगाया कि राज्यपाल राजभवन में बैठकर राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि तेलंगाना के लोगों ने राज्य सरकार को चुना है न कि राज्यपाल को। आरोप लगाया कि राज्यपालों की व्यवस्था देश में राज्य सरकारों पर हमला कर रही है। केंद्र सरकार के इस दावे का खंडन करते हुए कि वह अपने कुल फंड का 41 प्रतिशत राज्यों को दे रही है, उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार अपने कुल फंड का केवल 21 प्रतिशत दे रही है।

देश में दक्षिणी राज्यों को सीटों की संख्या के मुद्दे पर अन्याय का सामना करना पड़ रहा है यदि उनका आकलन 2011 की जनगणना के आधार पर किया गया था और कहा कि दक्षिणी राज्यों में जनगणना के आंकड़ों के आधार पर सीटों में कमी आएगी, जबकि इस तरह की गिरावट को देखते हुए उत्तरी भारतीय राज्यों के हाथों में हमेशा के लिए सत्ता सुनिश्चित करेगा।




## बीआरएस विधायकों की खरीद-फरोख्त का मामला

### ईडी की जांच के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे रोहित रेड्डी

हैदराबाद, 26 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस विधायक पायलट रोहित रेड्डी ने बीआरएस विधायकों के खरीद मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच को चुनौती देते हुए सोमवार को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

सोमवार को यहां मीडिया से बात करते हुए, बीआरएस विधायक ने आरोप लगाया कि विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में कोई मनी लॉन्ड्रिंग नहीं थी, लेकिन ईडी जांच के बहाने उन्हें आरोपी बनाने की कोशिश कर रही थी। खरीद का मामला किसी भी तरह से ईडी से संबंधित नहीं है क्योंकि इसमें कोई मनी लॉन्ड्रिंग नहीं हुई है। लेकिन, यह मुझे निशाना बना रहा है।

# राज्यसभा में तेलुगू राज्यों की समस्याएं उठाना सौभाग्य की बात : लक्ष्मण

हैदराबाद, 26 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने आज कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें संसद के उच्च सदन में तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों की समस्याओं को उठाने का अवसर मिला।

उन्होंने कहा कि संसद के हाल के शीतकालीन सत्र में राज्यसभा सदस्य के रूप में उन्हें बहुत अच्छा महसूस हुआ और कहा कि संसद के उच्च सदन में उपयोगी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि संसद के सभी सदस्यों को सदन में बोलने का अवसर मिला है। लक्ष्मण ने कहा कि उन्हें तेलंगाना में केंद्र सरकार की कई योजनाओं के नाम बदलने और संसद में धन के बंटवारे जैसे मुद्दों को उठाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि उन्होंने डिस्कॉम, सरकार और एचएमटी भूमि के अतिक्रमण



से संबंधित मुद्दों को भी उठाया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार द्वारा पीएम आवास योजना के फंड के डायवर्जन का मुद्दा भी उठाया था और कहा कि उन्हें उनके द्वारा उठाए गए 15 सवालों के लिखित जवाब मिले हैं। लक्ष्मण ने यह भी कहा कि मोदी सरकार निचली जातियों के साथ न्याय कर रही है। उन्होंने सीएम केसीआर पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सीएम ने इस मुद्दे पर आदिवासियों को धोखा दिया है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केसीआर ने फसल भीम योजना जैसी योजनाओं को लागू न करके राज्य के किसानों को धोखा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं होने से हजारों गरीब परिवारों को परेशानी हुई है। पीएम आवास योजना योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 50 लाख घर पूरे होने की बात कहते हुए, उन्होंने केसीआर से पूछा कि तेलंगाना में उनके द्वारा वादा किए गए डबल बेडरूम वाले घर कितने लोगों को मिले?

## केसीआर ने टीडीपी को तेलंगाना में फिर से जीने का मौका दिया : विधायक जग्गा रेड्डी

हैदराबाद, 26 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस विधायक टी. जग्गा रेड्डी ने आज आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना राज्य में तेदेपा को दोबारा जीने का मौका दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने राज्य की कई समस्याओं की अनदेखी की है। उन्होंने मज़ाक उड़ाया कि जब केसीआर अपनी बीआरएस पार्टी के माध्यम से पड़ोसी एपी राज्य जा रहे थे, पूर्व मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू तेलंगाना आ रहे थे और उन्होंने कहा कि केसीआर ने नायडू को एक महान अवसर दिया। जग्गा रेड्डी ने भविष्यवाणी की कि टीडीपी तेलंगाना में केसीआर के रूप में मौजूद रहेगी। उन्होंने मज़ाक उड़ाया कि केसीआर आंध्र प्रदेश में कभी सफल नहीं होंगे और कहा कि तेलंगाना में उनकी राजनीति भी खत्म हो गई है।

# नकली शराब बनाने के अड्डे का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 26 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। नकली शराब बनाने के मामले में मुख्य आरोपी कोंडल रेड्डी उर्फ शिवा रेड्डी को आबकारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उन्होंने हाल ही में ओडिशा राज्य के कटक में उसके ठिकाने से छापे में 3 करोड़ रुपये की नकली शराब भी जब्त की। जांचकर्ताओं ने एक करोड़ रुपये मूल्य की 20,000 लीटर नकली व्हिस्की भी जब्त की है। इब्राहिमपेट आबकारी पुलिस ने पता लगाया कि एक गिरोह ओडिशा में नकली शराब बना रहा था और इसे तेलंगाना राज्य में एक अलग नाम पर बेच रहा था। पुलिस ने नकली तेलंगाना लेबल, लेख, उपकरण और बड़ी मात्रा में नकली शराब भी जब्त की है।

इस मामले में पहले ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी आबकारी पुलिस ने मुख्य आरोपी कोंडल रेड्डी और एक नागेश्वर राव सहित चार फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सभी आरोपियों से इब्राहिमपट्टनम के आबकारी थाने में पूछताछ की जा रही है। पता चला है कि दो और वांछित आरोपी फरार हैं। आबकारी पुलिस ने कहा कि हाल ही में हुए उपचुनाव के दौरान मुनुगोडे में तेलंगाना ब्रांड के नाम पर विश्वासपात्रों ने नकली शराब की आपूर्ति की थी. आबकारी अधिकारियों ने ओडिशा में नकली शराब बनाने के अड्डों पर छापा मारा और उन्हें नष्ट कर दिया। जांचकर्ता आरोपियों से और जानकारी हासिल करने के लिए पूछताछ कर रहे थे।

इब्राहिमपट्टनम आबकारी पुलिस ने बीमार कोंडल रेड्डी को मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। सरकारी डॉक्टरों की सलाह पर, इब्राहिमपटनम आबकारी पुलिस ने किंगपिन कोंडल रेड्डी को बेहतर चिकित्सा के लिए एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया।

# भाकपा का 98 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित



हैदराबाद, 26 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा का 98 वां स्थापना दिवस समारोह शहर के राज्य पार्टी कार्यालय में आयोजित किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुरवरम सुधाकर रेड्डी ने इस अवसर पर मकदूम भवन में पार्टी का झंडा फहराया। बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, सुधाकर रेड्डी ने कहा कि विशाल लोकतांत्रिक ताकतों की एकता और वामपंथी ताकतों और कम्युनिस्ट नेताओं के पुनर्मिलन को हासिल करके देश में फासीवाद को हराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीपीआई और सीपीएम का गठबंधन देश में लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष ताकतों को एकजुट करने में मदद करेगा।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे हर साल नए प्रकार के विरोध कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करें। सुधाकर रेड्डी ने कहा कि जनता की समस्याओं पर लड़ने की भाकपा की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश फासीवादी और सांप्रदायिक शासन देख रहा था और कहा कि वामपंथी दलों को राजनीति के कारण चुनावों में नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टियां अकेले ही संसद में आवाज उठाएंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने श्रमिकों और कर्मचारियों की सुरक्षा हासिल करने में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने यह भी कहा कि वाम दल देश की महिलाओं, छात्रों और युवाओं में विश्वास जगाने में भी सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र संघों में काम करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री आईके गुजराल देश के पीएम बने। उन्होंने कहा कि उन्होंने नागरिक समाज संगठनों की ओर से कई नेताओं को प्रशिक्षित किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों ने उनकी पार्टी के खिलाफ कई नकारात्मक अभियान चलाए क्योंकि वे अपनी पार्टी के लाल झंडे से डरे हुए थे। भाकपा के राज्य सचिव कुनमनेनी संबाशिव राव ने कहा कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी के लिए कोई मृत्यु नहीं है और उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बलिदान की नींव पर पैदा हुई थी, उन्होंने कहा कि वे अपने मूल आदर्शों में जाएंगे और सार्वजनिक समस्याओं पर लड़ेंगे।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव पैसे और कॉर्पोरेट कंपनियों से भरे हुए थे। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने पार्टी के दिग्गज नेताओं चेन्नईया और सीआर फाउंडेशन के चेन्नामनेनी वेंकटेश्वर राव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.